

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शनिवार 06 जून 2026 ■ ज्येष्ठ अधिकमास कृष्ण पक्ष-06 ■ वर्ष -42 ■ अंक-069 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 07 जून 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## देश में लॉन्च हुआ फ्लेक्स फ्यूल

### पेट्रोल के मुकाबले 20 रुपये प्रति लीटर सस्ता

**नई दिल्ली,7 जून।** यूएस-ईरान युद्ध की वजह से कच्चे तेल की कीमतों में उथल-पुथल खत्म होने का तो नाम ही नहीं ले रहा है. इसी बीच सरकार ने आधिकारिक तौर पर ई85 फ्यूल को लॉन्च कर दिया है. केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को दिल्ली में ई-85 फ्यूल लॉन्च करने के साथ ही देश का पहले ई85 फ्यूल स्टेशन का भी उद्घाटन किया है. केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के अनुसार मौजूदा ई20 ईंधन की तुलना में पूरे 20 रुपये प्रति लीटर सस्ता मिलेगा. बढ़ते पेट्रोल के दामों के बीच आम जनता के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर सामने आई है.




दिल्ली में देश के पहले ई85 एथेनॉल-ब्लेंडेड ईंधन स्टेशन की शुरुआत हो चुकी है. दिल्ली के पूसा रोड पर ई85 फ्यूल डिस्पेंसर लगाया गया है.केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि अभी तक ब्लेंडेड फ्यूल के जरिए देश करीब 1.85 लाख करोड़ की बचत कर चुका है. ई85 ईंधन की शुरुआत से देश को कई फायदे होंगे. सबसे पहले यह ईंधन जहरीले उत्सर्जन को कम करेगा. जिसके वजह से शहरों की हवा एकदम साफ रहेगी. विदेशी कच्चे तेल के इंपोर्ट पर भारत की निर्भरता काफी हद तक नियंत्रण में रहेगी.हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ''ई20 और ई85 दो अलग-अलग कैटेगरी के फ्यूल हैं. ई85 फ्यूल सिर्फ फ्लेक्स फ्यूल से चलने वाली गाड़ियों के लिए हैं. इसका ई20 वाली गाड़ियों में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है. ई85 में 85 प्रतिशत एथेनॉल और सिर्फ 15 प्रतिशत पेट्रोल मिलाया गया है. ई20 और ई85 दो अलग-अलग श्रेणियों के ईंधन हैं, जो अलग-अलग प्रकार के वाहनों के लिए बनाए गए हैं। ई85 के आने का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि ई20 या पेट्रोल वाहन बंद हो जाएंगे।

## ईडी करेगी शिक्षा और संस्कृति विभाग में भर्तियों की जांच

**रायपुर,5 जून।** राज्य लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) भर्ती परीक्षा 2021 घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच चल रही है। सूत्रों के मुताबिक ईडी अब केवल 2021 की राज्य सेवा परीक्षा तक सीमित नहीं रहेगी। बल्कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में हुई अन्य भर्तियों की भी कड़ाई से पड़ताल करेगी। जांच के दायरे में वर्ष 2019 में हुई 1,384 पदों पर सहायक प्राध्यापक (असिस्टेंट प्रोफेसर) भर्ती भी आ गई है। इस परीक्षा में एक ही केंद्र के 50 में से 36 अभ्यर्थियों के चयन होने का गंभीर आरोप है। संस्कृति विभाग में वर्ष 2023 में द्वितीय श्रेणी के पदों पर हुई भर्ती में भी गड़बड़ी और अपात्रों के चयन की शिकायतें मिली हैं।

## सीबीएसई ने ऑन मार्क पोर्टल को री-इवैल्यूएशन से हटाया

**नई दिल्ली, 6 जून।** सीबीएसई ने कक्षा 12वीं पुनर्मूल्यांकन को लेकर एक बड़ा सख्त कदम उठाते हुए कड़ा फैसला लिया है। सीबीएसई की तरफ से 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं को डिजिटल रूप से जांचने के लिए कोएम्प्ट के ऑन मार्क पोर्टल का इस्तेमाल किया गया था। सीबीएसई ने कहा है कि अब उत्तर पुस्तिकाओं की दोबारा जांच पूरी तरह सीबीएसई के अपने पोर्टल पर की जाएगी। इसकी प्रक्रिया अगले सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। इस साल ऑन मार्क पोर्टल का इस्तेमाल करके करीब एक करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं की डिजिटल जांच की गई थी। अब सीबीएसई ने उत्तर पुस्तिकाओं के विवाद के बाद पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया को सुरक्षित बनाए रखने के लिए ऑन मार्क मंच को बंद करने का फैसला लिया है। सीबीएसई ने सुरक्षा संबंधी चिंताओं को लेकर कोएम्प्ट एडु टेक के ऑन मार्क मंच को पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया से हटा दिया है। सीबीएसई बोर्ड का अब कहना है कि पुनर्मूल्यांकन जैसी संवेदनशील प्रक्रिया को अपने नियंत्रण में रखना अधिक सुरक्षित होगा।केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने एक बहुत ही कड़ा और अहम फैसला लेते हुए पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया से कोएम्प्ट एडु टेक के ऑन मार्क मंच को हटा दिया है। सुरक्षा संबंधी कारणों का हवाला देते हुए बोर्ड ने कहा है कि पुनर्मूल्यांकन जैसी संवेदनशील प्रक्रिया को अपने नियंत्रण क्षेत्र में रखकर प्रक्रिया का संचालन करना अधिक सुरक्षित रहेगा। अब तक जानकारी के अनुसार इसकी प्रक्रिया अगले सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। पुनर्मूल्यांकन जैसी संवेदनशील प्रक्रिया को अपने नियंत्रण में लेते हुए परीक्षा संबंधी आंकड़ों को सीबीएसई के सीधे सर्वरों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। 12वीं का परिणाम घोषित होने के बाद कई छात्रों ने मूल्यांकन में गड़बड़ियों और तकनीकी समस्याओं की शिकायतें उठाई थीं। हालांकि जानकारी के अनुसार अभी तक पूरी तरह से सॉफ्टवेयर (संगणक अनुप्रयोग) को नहीं बदला गया है। सीबीएसई की मदद के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के विशेषज्ञों की चार सदस्यीय टीम इस पूरे मामले पर सहायता कर रही है।सीबीएसई बोर्ड के अनुसार पिछले कुछ दिनों में पोर्टल पर कई समन्वित साइबर हमले किए गए, जिनका मकसद सेवाओं को बाधित करना और अनधिकृत पहुंच हासिल करना था।

## पेट्रोल पंप में मोटर सायकल बनी आग का गोला

**रायगढ़,6 जून।** धर्मजयगढ़ थाना क्षेत्र स्थित राजीव गांधी चौक के एक पेट्रोल पंप परिसर में शनिवार को अफरा-तफरी मच गई। जहां हवा भरवाने के दौरान एक बजाज RS-200 मोटरसाइकिल में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते बाइक धुएं के गुबार के साथ आग की लपटों में घिर गई, जिससे पेट्रोल पंप पर मौजूद कर्मचारियों और ग्राहकों में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार, बाइक चालक पेट्रोल पंप में अपनी मोटरसाइकिल में हवा भरवा रहा था। इसी दौरान वाहन से अचानक धुआं निकलने लगा। कुछ ही पलों में आग भड़क उठी और पूरी बाइक आग की चपेट में आ गई। प्रारंभिक तौर पर घटना का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। पेट्रोल पंप जैसे संवेदनशील स्थान पर आग लगने से बड़ा हादसा होने की आशंका पैदा हो गई थी। हालांकि मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए फायर सेफ्टी उपकरणों का इस्तेमाल किया और आग पर काबू पा लिया। कर्मचारियों की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई के चलते आग को फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। आग लगने की इस घटना में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। मामले की जानकारी पुलिस को भी दे दी गई है।

## महिला जज के बंगले में लाखों की चोरी

**कोरिया,6 जून।** बैकुंठपुर स्थित जिला न्यायालय की एक महिला जज के सरकारी बंगले में बड़ी चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात चोरों ने सूने बंगले को निशाना बनाते हुए सोने-चांदी के जेवरात, आईपैड, मोबाइल सहित करीब 9 लाख रुपये मूल्य का सामान चोरी कर लिया। जानकारी के अनुसार, कचहरीपारा स्थित यह सरकारी बंगला एसपी कार्यालय के ठीक सामने है। महिला जज ग्रीष्मकालीन अवकाश में रायपुर गई हुई थीं। इसी दौरान चोरों ने बंगले में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मामले का खुलासा तब हुआ जब सीसीटीवी कैमरे की जांच में घर की आलमारी खुली हुई और सामान बिखरा हुआ दिखाई दिया। इसके बाद जज के घर पहुंचने पर सोने-चांदी के जेवरात, आईपैड, मोबाइल और अन्य कीमती सामान गायब मिले। मामले की सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

## प्रधान आरक्षक ने लगाई फांसी

**खैरागढ़,6 जून।** जिले के छुईखदान थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक शीतल यादव की आत्महत्या की खबर से पुलिस महकमे में शोक और स्तब्धता का माहौल है. शनिवार तड़के उनका शव खैरागढ़ शहर के दाऊचौरा स्थित निवास में फांसी के फंदे पर लटका मिला. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार शीतल यादव अपने परिवार के साथ वार्ड क्रमांक 16 स्थित दाऊचौरा क्षेत्र में निवासरत थे.शुक्रवार रात परिवार के सदस्य अपने-अपने कमरों में सोने चले गए थे, जबकि वे घर के हॉल में थे. शनिवार सुबह करीब चार बजे उनकी पत्नी की नींद खुली तो उन्होंने शीतल यादव को गमछे के सहारे फंदे से लटका देखा. यह दृश्य देखकर परिवार में हड़कंप मच गया. परिजनों के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई. सूचना मिलते ही खैरागढ़ पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई प्रारंभ की. दुर्ग से फोरेंसिक टीम बुलाई गई है, जिसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा. प्रारंभिक जांच में घटनास्थल से किसी प्रकार का सुसाइड नोट बरामद होने की जानकारी नहीं मिली है. ऐसे में आत्महत्या के पीछे के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाए हैं. पुलिस परिजनों, सहकर्मियों और अन्य संबंधित लोगों से पूछताछ कर मामले के हर पहलू की जांच कर रही है. शीतल यादव को पुलिस विभाग में एक जिम्मेदार और कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी के रूप में जाना जाता था.

## श्रेयस अय्यर बने भारत के टी-20 कप्तान

**मुंबई,6 जून।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने आगामी आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के



लिए भारतीय टी20 टीम का ऐलान कर दिया है। स्क्वॉड के ऐलान के साथ-साथ नए कप्तान का भी ऐलान हो गया है। बीसीसीआई ने सूर्यकुमार यादव को बर्खास्त कर श्रेयस अय्यर को टी20 टीम का नया कप्तान बनाया है। सूर्या की कप्तानी में भारत ने 2026 टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था, मगर बल्ले से खराब परफॉर्मेंस के कारण उनकी कप्तानी की कुर्सी गई है। सूर्या को कप्तानी से हटाए जाने के साथ-साथ टीम से भी उनका पत्ता कटा है। श्रेयस अय्यर टी20 में भारत के लिए कप्तानी करने वाले 15वें खिलाड़ी होंगे। इसके अलावा वैभव सूर्यवंशी की भी किस्मत चमकी है। उन्हें पहली बार सीनियर टी20 टीम में जगह मिली है।वैभव सूर्यवंशी के अलावा प्रिंस यादव को पहली बार टी20 टीम के लिए सिलेक्ट किया गया है। आईपीएल 2026 में उनकी लाजवाब परफॉर्मेंस का उन्हें यह इनाम मिला है। प्रिंस यादव का चयन अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे टीम में भी हुआ है। जसप्रीत बुमराह को आगामी 2027 वर्ल्ड कप और टेस्ट क्रिकेट को देखते हुए आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर आराम दिया गया है। वहीं कुलदीप यादव का टी20 टीम से पत्ता गट गया है। उनकी जगह रवि बिश्नोई को चुना गया है।

**आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टी20 टीम-**श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उप-कप्तान), नीतिश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव, वैभव सूर्यवंशी

## बॉम्बे मार्केट स्थित सेंट्रल बैंक में आग

**रायपुर,6 जून।** राजधानी के बॉम्बे मार्केट इलाके में स्थित सेंट्रल बैंक की क्षेत्रिय कार्यालय




में अचानक आग लगने की घटना सामने आई है। आग लगते ही बैंक परिसर और आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। शुरुआती जानकारी के अनुसार, आग बैंक परिसर के अंदर से उठी और कुछ ही समय में धुआं फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। आसपास की दुकानों को भी एहतियातन खाली कराया गया ताकि किसी तरह की अनहोनी से बचा जा सके। दमकल कर्मियों की कई गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी रहीं। घटना की वजह एसी में शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। राहत की बात यह है कि किसी के हताहत होने की सूचना अभी तक सामने नहीं आई है। घटना गोलबाज़ार थाना क्षेत्र की है।

## बस्तर की लाइफलाइन बनेगा केशकाल घाट बायपास

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने निर्माण कार्य का लिया जायजा

कोंडागांव,6 जून। बस्तर संभाग की बहुप्रतीक्षित केशकाल घाट फोरलेन बायपास परियोजना को लेकर राज्य सरकार ने निर्माण कार्य में तेजी लाने के संकेत दिए हैं। उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने रायपुर-जगदलपुर राष्ट्रीय मार्ग पर निर्माणाधीन केशकाल घाट बायपास का स्थल निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ बायपास के दोनों छोरों का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि केशकाल घाट बायपास केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि बस्तर क्षेत्र की कनेक्टिविटी और आर्थिक गतिविधियों को नई गति देने वाला महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। इसके पूर्ण होने से रायपुर से जगदलपुर के बीच आवागमन अधिक सुरक्षित और सुगम होगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 308 करोड़ रुपये की लागत से



11.38 किलोमीटर लंबे फोरलेन बायपास का निर्माण कराया जा रहा है। परियोजना के तहत दो बड़े और दो मध्यम पुलों का भी निर्माण किया जाएगा, जिससे यातायात व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने केशकाल से सलना तक चल रहे सड़क मजबूतीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को तय समय के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।इस दौरान वे समीपस्थ बेड़मा गांव में आयोजित जल जीवन मिशन के 'जल अर्पण' कार्यक्रम में भी शामिल हुए। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी रही।

## यूएस -ईरान के बीच वार-पलटवार फिर शुरू

**तेहरान,6 जून।** यूएस-ईरान के बीच सीजफायर प्रक्रिया लगता है की महज एक शब्द बनकर रह गया है. दोनों देशों के बीच तनाव एक बार फिर होर्मुज स्ट्रेट में टकराव की शक्ल लेता दिख रहा है. समुद्र में अमेरिका और ईरान ने एक-दूसरे पर उकसावे करने को लेकर कार्रवाई के आरोप लगाए हैं. यूएस के अनुसार ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट की ओर चार हमलावर ड्रोन भेजे थे जिसे अमेरिकी सेना ने सभी को मार गिराया है. यूएस के अनुसार ड्रोन कारवाई के बाद ईरान के रडार ठिकानों पर जवाबी हमला किया. वर्तमान में खाड़ी क्षेत्र में तनाव बहुत ही ज्यादा बढ़ गया है जबकि यूएस-ईरान के बीच कूटनीतिक प्रयास भी जारी हैं. अमेरिका ने ड्रोन गतिविधियों को शत्रुतापूर्ण कदम बताया. इसके बाद पूरे क्षेत्र में सुरक्षा अलर्ट जारी कर दिया गया. सेना ने कहा कि ड्रोन को रास्ते में ही मार गिराया.

यूएस-ईरान के बीच अभी तक के गतिविधियों से यही लग रहा है की शांति समझौता ठंडे बस्ते में है. अमेरिका और ईरान होर्मुज स्ट्रेट में ताजा संघर्ष को लेकर फिर आमने-सामने हैं और अपने-अपने दावे कर रहा है। यूएस के अनुसार ईरानी ड्रोन से समुद्री यातायात को तत्काल खतरा था, इसलिए उन्हें रास्ते में ही नष्ट कर दिया गया. जवाब में मेरिकी सेना ने गोरुक और केश्म द्वीप पर मौजूद रडार सेंटर्स को निशाना बनाया है.

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर CईNTCOM ने ताजा बयान में कहा है की अमेरिकी बलों ने चार ईरानी वन-वे अटैक ड्रोन को मार गिराया, क्योंकि वे क्षेत्रीय समुद्री यातायात के लिए खतरा थे. सेना ने यह भी कहा कि वह ईरान की किसी भी आक्रामक कार्रवाई का जवाब देने के लिए तैयार है और क्षेत्र में पूरी तरह सतर्क हैं.

ईरान अमेरिका की इस कारवाई से नाराज होकर कुवैत और बहरीन पर हमले शुरू कर दिए। एक दर्जन से अधिक ईरानी मिसाइलों से कुवैत और बहरीन पर हमला हुआ है. आर्मी ने अपने लोगों से बाहर नहीं निकलने और सावधानी बरतने की सलाह दी है. ईरानी मीडिया अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी मेहर के अनुसार शनिवार को ईरानी बलों ने होर्मुज स्ट्रेट में कई चेतावनी फायर किए. यह कार्वाई इलाके में अमेरिकी नौसेना के जहाजों की गतिविधियों और उनकी नई तैनाती के जवाब में की गई.

### 11 जून, अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस- संयुक्त राष्ट्र बाल कोष का प्रतिवर्ष का आयोजन

## खेल की रक्षा से बचपन का साक्षात्कार

**आलेख .. जसवंत क्लॉडियस, वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार, टीवी कमेंटेटर, रायपुर, छ ग .**

संयुक्त राष्ट्र परिषद के अंतर्गत बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने वाली संस्था की स्थापना 11 दिसम्बर 1946 को की गई थी। इसका प्रारंभिक नाम यूनीसेफ अर्थात यूनाईटेड नेशंस इंटरनेशल चिल्ड्रेंस इमरजेंसी फंड है इसकी भूमिका दुनिया के तमाम बालक-बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक विकास को समर्पित है। 1953 में इस संस्था का नाम बदलकर हिंदी में संयुक्त राष्ट्र बाल कोष कर दिया गया। इस संस्था का उद्देश्य संसार के सभी देशों के जरूरतमंद बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा लिए काम करना है। यह संस्था 190 देशों में कार्य करता है।

कई बार देखने में आता है कि कई बच्चे चाहे धनवान या पूर्णतः सक्षम परिवार से हो या फिर आर्थिक पिछड़ेपन में पले बढ़े हो, वास्तव में वे अपने परिवार के सदस्यों, माता-पिता, अभिभावकों से उपेक्षित होते हैं। ऐसे तीन वर्ष तक के बच्चों की भावना को समझने वाला कोई नहीं होता। इसके लिए आज का सामाजिक तानाबाना बहुत जिम्मेदार है. आधुनिक युग में" जीना है यारो तो काम करो प्यारो " के कारण प्रत्येक शिक्षित नौकरीपेशा पति-पत्नि, माता-पिता अपने कार्यालयीन या निजी कार्यों में व्यस्त रहते हैं या फिर छोटे व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों के बच्चे बचपन से ही पैसा कमाने वाले रोजगार या काम से जुड़े होते हैं। उपरोक्त दोनों ही परिस्थिति में बच्चों के दिल दिमाग में क्या चल रहा है, कोई न तो पढ़ सकते है ,ना ही कोई बता सकता है, ना ही महसूस कर सकता है। विभिन्न शोध और अध्ययन के माध्यम से यह तथ्य साबित होता है कि अकेले होने वाले या उपेक्षित बच्चों का भविष्य मुरझाया हुआ रहता है। मनोवैज्ञानिकों ने साफ कहा है कि बच्चे अपने माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानीया निकट रिश्तेदार के सानिध्य में पले बढ़े होते हैं वे अपेक्षाकृत उन बच्चों से अधिक व्यवहार कुशल, शालीन, खुशमिजाज होते हैं आने वाला कल ऐसे ही बच्चों का है जो शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत हो। दूसरी तरफ माता-पिता, अभिभावक की भी स्थिति ऐसे ही दुविधापूर्ण है। वे भी आधुनिक युग के भागमभाग में उलझे हुए हैं। कहीं पदोन्नति, कही आगे बढ़ने की चाह सभी ने मिलकर नौकरीपेशा माता-पिता को अपने जाल में फंसा लिया है. आखिर एक मनुष्य होने के नाते अभिभावकों का भी हक बनता है कि वे भी उलझन भरी जिंदगी से थोड़ा हंस ले, मुस्कुरा ले। इस तरह उपरोक्त ढंग से परिवार /समाज में हो रहे परिवर्तन को देखते हुए यूनीसेफ और लेगो फाउंडेशन जैसे संगठनों के प्रस्ताव के पश्चात संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 11 जून 2024 को पहली बार अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस मनाने का निश्चय किया। तब से अब यह परंपरा लगातार जारी है। इसको मनाने का प्रमुख कारण और उद्देश्य बच्चों को खेलने का मौलिक अधिकार सुरक्षित करना है जिसमें स्कूल नहीं जाने वाले तीन वर्ष तक के बच्चों के साथ घर पर ही या आसपास के बगीचे या निवासरत घर के आंगन में माता-पिता, अभिभावकों या रिश्तेदारों के साथ बच्चों को मनोरंजन भरा छोटा खेल दो से तीन घंटे खेलना होता है। इसमें आज से पचास-साठ वर्ष पूर्व के खेल जैसे आंखों में पट्टी बांधकर दूसरे साथियों, भाई-बहनों को खोजने का खेल शामिल है। रंगों को बतलाते हुए रंगों की पहचान या फिर पेंटिंग के माध्यम से हरियाली, पर्यावरण के महत्व को समझाया जा सकता है। लाल, पीला, हरा रंग के महत्व को आवागमन, परिवहन के संदर्भ में बतलाया जाता है, ताकि बच्चे बड़े होकर उसका पालन करे और दुर्घटना से बच सके। अतः स्पष्ट है कि खेल मात्र मनोरंजन नहीं बच्चे इससे जागरूक होते हैं। उनमें आपसी सहनशीलता, सहयोग और नेतृत्व करने की क्षमता व चुनौती को सामना करने का गुण विकसित होता है। 2025 के अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस 11 जून का थीम" खेल चुने-हर दिन" था। 2026 का थीम" खेल की रक्षा में - बचपन की रक्षा करें" है। 2024 में पहले खेल दिवस 11 जून का थीम था "खेल हम सभी को एकजुट करता है"। स्पष्ट है बचपन से ही खेलों के महत्व को प्रत्येक मनुष्य को समझना अनिवार्य है।

## देवेन्द्र यादव का कुर्ता आखिर किसने फाड़ा

**रायपुर,6 जून।** नीट पेपर लीक को लेकर हुए प्रदर्शन के बाद भिलाई विधायक देवेंद्र यादव एक नए विवाद में घिर गए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो ने पूरे मामले को नया मोड़ दे दिया है। दरअसल, एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के दौरान देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया था कि पुलिस कार्रवाई में उनका कुर्ता फाड़ दिया गया। लेकिन अब वायरल वीडियो को लेकर दावा किया जा रहा है कि विधायक खुद ही अपना कुर्ता फाड़ते नजर आ रहे हैं।

इधर इसी प्रदर्शन से जुड़े मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस ने विधायक देवेंद्र यादव समेत 9 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि बिना अनुमति कलेक्ट्रेट घेराव किया गया और प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश कर सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित की गई।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला चिकित्सालय परिसर में हरीतिमा टीम ने किया ग्यारह नीम पौधों का रोपण

# आठ वर्षों से पर्यावरण संरक्षण की अलख जगा रही हरीतिमा : डीएफओ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,6 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरीतिमा टीम द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर में ग्यारह नीम के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन तथा जनसामान्य में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।कार्यक्रम में वन मंडल अधिकारी श्री निखिल अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.के. तुरे, सिविल सर्जन डॉ. केशव ध्रुव, डॉ. सलिल मिश्रा, आदित्य श्रीवास्तव, पंकज ठाकुर, प्रभाकर शुक्ला, अभिलाषा पांडा, समाज कल्याण विभाग , सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के प्रारंभ में हरीतिमा टीम के संस्थापक सदस्य अजय लूनिया ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का स्वागत किया। उन्होंने हरीतिमा टीम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बढ़ती आबादी, शहरीकरण, पर्यावरण प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए हरीतिमा का गठन किया गया है। टीम विगत आठ वर्षों से पौधारोपण, पौधों के संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता एवं हरियाली संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान से जुड़कर पौधारोपण एवं संरक्षण में सहभागिता निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर वन मंडल अधिकारी श्री निखिल अग्रवाल ने हरीतिमा टीम के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हरीतिमा द्वारा लगाए गए पौधे हर मौसम में सफलतापूर्वक विकसित हो रहे हैं, जो टीम की पौधारोपण के साथ-साथ संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि विगत आठ वर्षों से हरीतिमा टीम बिना रुके, बिना थके और निरंतर पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण एवं जनजागरूकता का कार्य कर रही है। यह समर्पण और निरंतरता समाज के लिए प्रेरणादायक एवं सराहनीय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हरीतिमा टीम भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में इसी प्रकार उल्लेखनीय कार्य करती रहेगी।कार्यक्रम के दौरान दीपक लांझी एवं आदित्य श्रीवास्तव ने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की दैनिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संदेश दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.के. तुरे ने कहा कि स्वच्छ एवं हरित वातावरण स्वस्थ जीवन का आधार है। वृक्षारोपण से न केवल पर्यावरण संतुलित रहता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण प्राप्त होता है।कार्यक्रम का सफल संचालन महेश सिंह ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन सुनील दोषी द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर अजय लूनिया, राकेश दोषी, सुनील दोषी अनिल लुनिया, महेश सिंह ठाकुर, रीना शर्मा पन्ना चंद्रवंशी, कुलजीत मुटरेजा, लालू पाली, मनजीत सलूजा, कमलेश ठाकुर, दीपक लांझी, मंजीत सलूजा, गोकुल साहू, के. के. ठाकुर, दीनू गुप्ता, दीपक पाली, रामप्रसाद बघेल,मोहन ठाकुर सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित हुए।



## विधायक भावना ने पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया

**कवर्धा, 6 जून।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पौधा लगाकर कर पौधारोपण ओर पौधा संरक्षण का संदेश दिया । पौधारोपण के दौरान पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी सहित बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## एक नजर

### नवविवाहिता ने फांसी लगाई

**भिलाई, 6 जून (तछसं.)।**भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र के एक ( 20 साल ) नवविवाहिता ने



अपने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है जिसके बाद मौत के कारणों की स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी पुलिस के अनुसार केनाल रोड स्थित मिलावटपारा निवासी विजय लक्ष्मी घर में अपने कमरे में थी उसके पति शुभम किसी कार्य से अनूपपुर गए हुए थे। घटना के समय यानी रात को घर में अन्य परिजन मौजूद थे परिजन को जब घटना की जानकारी मिली तो तत्काल पुलिस को सूचना दी गई प्रारंभिक जांच में पता चला है कि विजय लक्ष्मी का मायका कैंप-2 क्षेत्र में है करीब 16 माह पहले उसने शुभम के साथ प्रेम विवाह किया था सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री शासकीय अस्पताल की मॉर्च्यूरी में भेज दियापति के लौटने के बाद हुआ पोस्टमार्टम खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि पति और मायके पक्ष पक्ष के परिजनों के पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में एक नोट मिलने की जानकारी सामने आई है, जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी ।

### ड्यूटी के दौरान मौत

**भिलाई, 6 जून (तछसं.)।**भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र स्थित जेके लक्ष्मी सीमेंट संयंत्र में कार्यरत एक मजदूर की ड्यूटी के दौरान मौत हो



गई। घटना के बाद साथी कर्मचारियों और कंपनी प्रबंधन ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया नंदिनी थाने पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है पुलिस के अनुसार ग्राम सेमरिया निवासी छन्नू लाल देवांगन (60 साल ) लंबे समय से जेके लक्ष्मी सीमेंट कंपनी में कार्यरत थे। गुरुवार दोपहर करीब 1.30 बजे ड्यूटी के दौरान उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई और वे अचेत होकर गिर पड़े। घटना के बाद सहकर्मियों और प्रबंधन ने उन्हें तत्काल नेहरू नगर स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया हार्ट अटैक की आशंका, रिपोर्ट से होगी पुष्टि अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक तौर पर मौत की वजह हार्ट अटैक मानी जा रही है, हालांकि वास्तविक कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा नंदिनी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और अंतिम संस्कार के लिए परिजन को सौंप दिया इधर, मृतक के परिजन ने प्रशासन और कंपनी प्रबंधन से उचित मुआवजा देने की मांग की है पुलिस जांच कर रही है।

### लोकल इवेंट्स के लिए बनेगा नया हब, इंद्रजीत ने किया भूमिपूजन



**भिलाई, 6 जून।** कोहका क्षेत्र में सामुदायिक गतिविधियों और सार्वजनिक आयोजनों के लिए जल्द ही एक नई सुविधा जुड़ने जा रही है। यूनियन भवन के सामने प्रस्तावित डोम शेड निर्माण के लिए सर्व कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी इंद्रजीत सिंह छोटू ने बृहस्पतिवार को भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में अहिवारा विधानसभा प्रतिनिधि सतीश साहू और युवा समाजसेवी इन्द्रजीत सिंह छोटू सहित सर्व समाज कल्याण समिति के सदस्य एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। भूमि पूजन के साथ ही निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत की गई। स्थानीय लोगों का मानना है कि डोम शेड बनने के बाद क्षेत्र में सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी। इससे नागरिकों को एक सुरक्षित और व्यवस्थित सार्वजनिक स्थल मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने इस पहल को क्षेत्र के विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम बताते हुए निर्माण कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## बिरेझर में अवैध रेत उत्खनन का आरोप ग्रामीणों ने की जांच की मांग




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन, 6 जून।** ग्राम बिरेझर के ग्रामीणों ने शिवनाथ नदी से कथित अवैध रेत उत्खनन और परिवहन की शिकायत करते हुए जिला खनिज अधिकारी एवं कलेक्टर से जांच की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायत पत्र में ग्राम पंचायत के कुछ जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों पर रेत उत्खनन एवं भंडारण में संलिप्त होने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि खैरा पुल के समीप शिवनाथ नदी से लंबे समय से अवैध रूप से रेत निकाली जा रही है तथा उसका परिवहन और विक्रय किया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी दावा किया है कि बरसात के मौसम में बिक्री के लिए विभिन्न स्थानों पर रेत का भंडारण किया गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से कथित रेत भंडारण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा मामले में शामिल लोगों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। शिकायत पत्र में यह भी कहा गया है कि मामले की पुष्टि के लिए ग्राम पंचायत की बैठकों और ग्रामीणों से पूछताछ की जा सकती है। ग्रामीणों ने खनिज विभाग और जिला प्रशासन से शीघ्र जांच कर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक शिकायत में लगाए गए आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है और संबंधित पक्ष का बयान प्राप्त नहीं हो पाया था।

## घुघुवा में पेयजल की किल्लत, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि मौन! कोई सुनने वाला नहीं



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,6 जून।** जिला दुर्ग के जनपद पंचायत पाटन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत घुघुवा(क) में पेयजल की कमी से लोग अत्यंत परेशान है, लगभग दो सप्ताह से गांव के अधिकांश घरों में नल से पीने के लायक भी पानी नहीं मिल रहा, कुछेक सार्वजनिक स्थानों में नाम मात्र पीने लायक पानी आता है जिसमें अत्यंत भीड़ होने से रोज सुबह शाम विवाद, लड़ाई झगड़ा की स्थिति निर्मित हो रही है, कभी भी अप्रिय स्थिति निर्मित हो सकती है, परंतु ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि इस पर मौन साधे हुए हैं, गांव वालों को इनके द्वारा न ही कोई उचित जवाब दिया जा रहा और न ही समस्या का समाधान किया जा रहा, जबकि लोकसभा सांसद विजय बघेल जी के अनुशंसा पर ग्राम में पेयजल संकट को दूर करने ग्राम में हाल में ही बोर खनन किया गया था, पेयजल की कमी से पीड़ित समस्याग्रस्त ग्रामवासियों ने इस समस्या पर उच्चस्थ जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारी, जनपद व जिला पंचायत के सीईओ, अनुविभागीय अधिकारी एवं जिले के कलेक्टर महोदय से हस्तक्षेप कर लोगों को पेयजल की समस्या से निदान दिलाने की अपील की है।

## वर्षों से अधूरी है जल जीवन मिशन की टंकी शिकायतों के बाद भी नहीं मिला पानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन,6 जून।** हर घर तक नल से जल पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की



गई जल जीवन मिशन योजना का लाभ ग्राम पंचायत कुम्हली के ग्रामीणों को अब तक नहीं मिल सका है। गांव में निर्माणाधीन पानी टंकी का कार्य वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है, जिसके कारण पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। कुम्हली क्षेत्र को शुष्क क्षेत्र माना जाता है और गर्मी के मौसम में यहां पानी की समस्या गंभीर रूप ले लेती है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी टंकी का निर्माण शुरू तो हुआ, लेकिन आज तक पूरा नहीं हो सका। सरपंच टिकेश्वरी ठाकुर और उप सरपंच विजय कुमार साहू ने बताया कि इस समस्या को लेकर सुशासन तिहार के दौरान आयोजित विभिन्न शिविरों में कई बार आवेदन देकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया। बावजूद इसके अब तक निर्माण कार्य पूरा कराने या समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है।

## ड्रोन से बरसाए गए सीड बॉल, आयुक्त ने बच्चों के साथ लगाया पौधा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस पर भिलाई में हरियाली बढ़ाने का संदेश सिर्फ भाषणों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि तकनीक और जनभागीदारी के साथ पर्यावरण संरक्षण का अनूठा उदाहरण भी देखने को मिला। नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने स्कूली बच्चों और सामाजिक संगठनों के साथ पौधारोपण किया, वहीं ड्रोन के माध्यम से सीड बॉल (बीज गेंद) का वितरण कर शहर को हराभरा बनाने की पहल की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सेक्टर-9 अस्पताल उद्यान के समीप हुई, जहां सर्वधर्म सेवा संस्थान के सहयोग से वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। आयुक्त ने बच्चों और नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताते हुए पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक हिस्सा ड्रोन के जरिए सीड बॉल गिराने की पहल रही। इसका उद्देश्य ऐसे क्षेत्रों में भी पौधों का विस्तार करना है, जहां पारंपरिक तरीके से वृक्षारोपण करना कठिन होता है। इस नवाचार ने उपस्थित लोगों, विशेषकर युवाओं और बच्चों का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद नेहरू नगर स्थित मधुकामिनी गार्डन में भी विभिन्न प्रजातियों के छायादार और फलदार पौधे लगाए गए। आयुक्त ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण की चुनौतियों से निपटने के लिए केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उन्हें संरक्षित करना भी उतना ही आवश्यक है।

### हेल्थ और हाइजीन पर फोकस, नियम तोड़ने पर मीट दुकानों पर कार्रवाई

**भिलाई, 6 जून।** शहर में स्वच्छता और सार्वजनिक स्वास्थ्य को लेकर सख्ती



दिखाते हुए अवैध रूप से संचालित चिकन और मटन दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की। जोन-3 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 31 में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया। निरीक्षण के दौरान निगम की स्वास्थ्य एवं स्वच्छता टीम ने पाया कि कुछ दुकानें निर्धारित मानकों और स्वच्छता नियमों का पालन नहीं कर रही थीं। इसके बाद निगम अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित दुकानदारों से कुल 1500 रुपये का अर्थदंड वसूला।

## समाचार संक्षेप

### विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 6 जून।** भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम से बादाम,करण का पेड़ पुरई नर्सरी व शीतला मंदिर प्रांगण में लगाया गया।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि माँ के सम्मान में लगाया गया एक पेड़,आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली और जीवन का उपहार है। इस अवसर पर उतई मंडल अध्यक्ष शीतला राजपूत, चंदु देवांगन,प्रवीण यदु, फत्तेलाल वर्मा, डोमार सिंह साहू, फलेन्द्र सिंह राजपूत,सुखीत यादव, सुश्री ममता चन्द्राकर, श्रीमती रंजना चन्द्राकर,शत्रुहन साहू,हरीश यादव,कांति साहू,प्रशांत ठाकुर,हर्ष चंदेल,पंच ममता देवांगन,सतरूपा साहू,घनश्याम चन्द्राकर,लोकेश निषाद,मोतिम ठाकुर,रामरतन मेश्राम,लोकेश्वर चन्द्राकर,सचिव सुनीता निर्मलकर,करगाडीह सरपंच करण सेन,महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष विमला कामड़े,एकता चन्द्राकर एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### पर्यावरण दिवस पर बीएसपी में हरित भविष्य के लिए सामूहिक संकल्प



**भिलाई, 6 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा शुक्रवार को हॉस्पिटल सेक्टर क्षेत्र में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र रहे व विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यपालक निदेशक पवन कुमार तथा कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रभारी (सम्पर्क प्रशासन, एवं जनसम्पर्क विभाग) अमूल्य प्रियदर्शी, महाप्रबंधक श्रीमती शिखा दुबे, महाप्रबंधक विष्णु के पाठक, अतुल नौटियाल, महेंद्र साहू, विकास चंद्रा, उपमहाप्रबंधक रवि फुले, सहायक महाप्रबंधक रमेश कुमार गुप्ता, राजेश शर्मा, ललित कुमार, अशोक सिन्हा, शंकर अग्रवाल, संदीप नायडू, खीरु प्रसाद सहित पर्यावरण प्रेमी, क्लब बुलबुल एवं स्काउट-गाइड के बच्चे, एनसीसी कैडेट्स, पर्यावरण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पिछले कुछ दशकों में वैश्विक तापमान में निरंतर वृद्धि हुई है तथा वायु प्रदूषण मानव जीवन और आने वाली पीढ़ियों के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री के एक पेड़ माँ के नाम अभियान का उल्लेख करते हुए सभी से कम-से-कम एक पौधा अपनी माता के नाम लगाने का आह्वान किया।

## रिसाली में जलवायु संरक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर चलेगा अभियान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली,6 जून।** नगर निगम रिसाली ने विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें पर्यावरण संरक्षण और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विषय को लेकर गंभीरता पूर्वक चर्चा की गई। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने विशेष रूप से वक्ताओं की बातों को सुनकर निष्कर्ष और समाधान बताया। स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और नगरीय विकास कार्यशाला का मुख्य विषय था। कार्यशाला की शुरूआत में महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि स्वच्छता को लेकर देश का सर्वोच्च न्यायालय बेहद गंभीर है। यही वजह है कि सरकार अब नए कानून के रूप में न्यायालय के निर्देशों का पालन कर रही है। कार्यशाला में सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी ममता यादव, सनीर साहू, जमुना ठाकुर, पार्षद शीला नारखेड़े ममता सिन्हा, सविता ढवस, रेखा देवी, सरिता देवांगन, ईश्वरी साहू, सीमा साहू आदि उपस्थित थे। कार्यशाला में महापौर शशि सिन्हा और आयुक्त मोनिका वर्मा ने ब्रांड एम्बेसडर अशोक महेश्वरी, एस सजीव, रजनी रजक, डॉ. राखी राय, डॉ. डी. पी. देशमुख, प्रदीप साहू, डॉ. विपिन अरोरा, मनोज वर्मा, ललित वर्मा को परिचय पत्र देते हुए सम्मानित किया। वक्ताओं और जनप्रतिनिधि सीधे रिसाली सेक्टर पूर्व वार्ड क्र. 07 स्थित उद्यान पहुंचे। जहां पर 30 फलदार और छायादार पौधे का रोपण किया।

### जामुल में 12-17 को लगेगा प्रधानमंत्री लोक कल्याण मेला

**जामुल।** नगर पालिका परिषद जामुल द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत आत्मनिर्भर लोक कल्याण मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में ठेला संचालक, सब्जी विक्रेता, चूड़ी व्यवसायी, स्व-सहायता समूह, सैलून संचालक, चौपाटी व्यवसायी, दर्जी, मोची तथा अन्य पथ विक्रेता शामिल होकर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लिए आवेदन कर सकेंगे। मेला 12 जून और 17 जून को आयोजित किया जाएगा। आवेदन पत्र भरने का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है।

## रिसालीवासियों को राहत, नहीं बढ़ेगा प्रॉपर्टी टैक्स, शिक्षा उपकर हटाने की मांग भी उठी



**रिसाली, 6 जून।** बढ़ती महंगाई के बीच रिसाली नगर निगम की महापौर परिषद ने नगर वासियों को राहत देने वाला फैसला लिया है। परिषद ने तय किया है कि वर्ष 2026-27 में संपत्ति कर और अन्य स्थानीय करों में कोई बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। नागरिकों को इस साल भी पिछले वर्ष की दरों पर ही टैक्स देना होगा। महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। परिषद के सदस्यों का कहना है कि इस फैसले से आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि निगम क्षेत्र में स्वयं का शासकीय स्कूल नहीं होने के कारण शिक्षा उपकर की राशि नहीं लिए जाने संबंधी मांग को लेकर शासन को पत्र भेजा जाएगा। बैठक में केवल टैक्स ही नहीं, बल्कि शहर के विकास और जन सुविधाओं से जुड़े कई अहम निर्णय भी लिए गए। मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के लिए निशुल्क लकड़ी उपलब्ध कराने हेतु जल्द टेंडर जारी करने का फैसला किया गया। साथ ही लकड़ियों को सुरक्षित रखने के लिए पांच-पांच लाख रुपये की लागत से शेड निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में शामिल दशहरा मैदान के सौंदर्यीकरण को भी मंजूरी दी गई। यहां नया प्रवेश द्वार, शेड मरम्मत, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और बैडमिंटन कोर्ट जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। बैठक में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत 42 प्रकरणों को भी मंजूरी दी गई। इनमें वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, परिवार सहायता और मुख्यमंत्री पेंशन योजना से जुड़े हितग्राहियों के आवेदन शामिल हैं।

### सड़क दुर्घटना में मौत

**भिलाई, 6 जून (तछसं.)।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र के तेज रफ्तार से आ रहे कार ने चालक को जोरदार ठोकर मार दी हादसे में पुलिस ने हिट एंड रन का अपराध दर्ज किया है सुपेला पुलिस ने बताया कि गुरुवार रात सुपेला चौक के पास अज्ञात कार ने सड़क पार कर रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी हादसे में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी मौत हो गई मृतक का शिनाख्त झांसी निवासी अंकुश के रूप में हुई है जो कृष्णा नगर में रहकर वाहन चलाने का काम करता था हादसे के बाद आसपास के लोगों ने उसे शास्त्री अस्पताल सुपेला पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है

**एक नजर**

### चोरी का अनाज खरीदने वाले 2 के खिलॉफ की गई कार्रवाई




**राजनांदगांव 6 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी दिनांक 03.06.2026 की रात्रि थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि औधोगिक क्षेत्र ममता नगर में स्थित अनाज का गोदाम से मार्च 2026 से रखे हुए अनाज चना खंडा, सोयाबीन, मसुर जुमला कीमती लगभग 4,50,000 रूपये को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलॉफअप. क्र. 286/2026 धारा 331 (3), 305 बीएनएस पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर (रा.पु.से.) तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री अलेक्जेण्डर किरों (रा0पु0से0) के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में विवेचना के दौरान घटना स्थल पहुंचकर गोदाम तथा उसके आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरे का फुटेज को खंगाला गया, फुटेज में मिले क्लू एवं मुखबीर की सूचना पर प्रकरण के मुख्य आरोपी राहुल कुर्रे निवासी पुराना ढाबा वार्ड नं. 04 सतनामी पारा थाना लालबाग राजनांदगांव एवं दिनेश साहू निवासी शिव नगर ढाबा रोड़ चिखली राजनांदगांव के कब्जे से अनाज के बिक्री रकम 7,900 रूपये जप्त कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। प्रकरण में आरोपियों द्वारा अपने मेमोरण्डम कथन में चोरी के आनाज को व्यापारी देवेन्द्र साहू निवासी ग्राम बरगाही ओ0पी0 सुकुलदैहान थाना लालबाग राजनांदगांव एवं जयंत कुमार अग्रवाल निवासी शांति नगर ढाबा रोड़ ओ0पी0 चिखली राजनांदगांव के पास बेचना बताये जाने पर आज दिनांक 05.06.2026 को दोनों व्यापारियों तलब कर पूछताछ करने पर चोरी का आनाज खरीदना स्वीकार किया गया, जिनके कब्जे से 29 किलों सोयाबीन किमती 1160 रूपये, 05 किलोग्राम चना किमती 300 रूपये एवं नगदी रकम 2,42,500 रूपये जुमला किमती 2,43,960 रूपये जप्त कर वैधानिक कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक उपेन्द्र शाह, सउनि0 इसराफिल खान, प्र0आर0 संदीप चौहान, व थाना पेट्रोलिंग टीम की सराहनीय भूमिका रही।

### भालूकोना,जरौद और नारायणपुर में समाधान शिविर, 55 ग्राम पंचायत के लोग होंगे शामिल

**बलौदाबाजार 6 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत शनिवार 6 जून को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत भालूकोना, सिमगा के ग्राम पंचायत जारौद एवं कसडोल के ग्राम पंचायत नारायणपुर में समाधान शिविर आयोजित की जाएगी जिसमें 55 ग्राम पंचायत के लोग शामिल होंगे।शिविर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होगा। भालूकोना शिविर में ग्राम पंचायत हरदी, कारी, कोहरौद, बगबुड़ा, खैदा (खैरा), बम्हनपुरी, तुरमा, खैरा, कुम्हारी, धाराशिव, चितावर, कोयदा, चंगोरी, सुनसुनिया, सिरियाडीह, भालूकोना,लाटा,पररसा पाली एवं सिंघारी शामिल होंगे। जरौद शिविर में ग्राम पंचायत फरहदा, जरौद, मटिया, शिकारी केसली, रानीजरौद, डिग्गी, आमाकोनी, टेकारी, लोहारी, नवापारा, बिटकुली, सुहेला, बासीन, खपराडीह, पड़कीडीह, रवेली एवं चंडी शामिल होंगे।नारायणपुर (टेमरी) शिविर में अर्जुनी (ब) अवराई, बगार, बल्दाकछार, बार, भिंभौरी, बोरसी, घिरघोल, खैरा व, खुडमुडी, मुढीपार, मुडपार (ब), पाड़ादाह, परसदा, पिपरछेडी, पुटपुरा,कोसमसरा (क), नारायणपुर एवं सेमरिया शामिल होंगे।।कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को शिविर क़ी बेहतर तैयारी करने और विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान विभागीय स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

# फूलमती वर्मा की जीत ने साय सरकार के सुशासन की खोली पोल: मदन साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 6 जून।** घुमका नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर कांग्रेस प्रत्याशी फूलमती वर्मा की जीत को लेकर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इस जीत ने प्रदेश की ट्रिपल इंजन सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कथित सुशासन की वास्तविकता जनता के सामने उजागर कर दी है। जनता ने विकास, जनहित और विश्वास की राजनीति पर मुहर लगाते हुए भाजपा के अहंकार और वादाखिलाफी को नकार दिया है।



जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने जारी बयान में कहा कि घुमका नगर पंचायत चुनाव केवल एक स्थानीय चुनाव नहीं था बल्कि कांग्रेस और भाजपा की कार्यशैली, विचारधारा और जनस्वीकार्यता की परीक्षा थी। इस परीक्षा में कांग्रेस ने शानदार जीत दर्ज कर यह साबित कर दिया कि जनता आज भी विकास और जनकल्याण की राजनीति में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस प्रतिष्ठित चुनाव को जीतने के लिए हर संभव संसाधन और सरकारी तंत्र का उपयोग किया लेकिन घुमका की जागरूक जनता ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर यह संदेश दिया कि जनसेवा और विकास की राजनीति ही उनकी पहली पसंद है। श्री साहू ने कहा कि जनता समझ चुकी है कि उनके हितों की वास्तविक चिंता कांग्रेस पार्टी ही करती है। श्री साहू ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि घुमका को नगर पंचायत का दर्जा दिलाना उनकी दूरदर्शी और जनकल्याणकारी सोच का परिणाम था। नगर पंचायत का दर्जा मिलने से क्षेत्र में प्रशासनिक सुविधाएं बढ़ीं, विकास कार्यों को गति मिली और स्थानीय लोगों को अनेक सरकारी सेवाओं का लाभ आसानी से मिलने लगा। यह कांग्रेस सरकार की जनता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में आने के बाद भाजपा जनसरोकारों से दूर हो गई है। सुशासन के बड़े-बड़े दावों के बावजूद क्षेत्र में विकास कार्य ठप पड़ गए हैं और आम जनता भ्रष्टाचार, प्रशासनिक अव्यवस्था तथा राजनीतिक हस्तक्षेप से परेशान है। उन्होंने कहा कि महंगाई ने आम लोगों की कमर तोड़ दी है, लेकिन भाजपा सरकार राहत देने के बजाय पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और दैनिक उपयोग की वस्तुओं के बढ़ते दामों पर नियंत्रण करने में विफल रही है। श्री साहू ने कहा कि जनता ने इस चुनाव में महंगाई, बेरोजगारी और भाजपा की वादाखिलाफी के खिलाफ मतदान किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा हमेशा भावनात्मक और धार्मिक मुद्दों के सहारे राजनीति करती है जबकि उसे जनता की बुनियादी समस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों की चिंता नहीं है। अब जनता ऐसे मुद्दों से गुमराह होने वाली नहीं है और वह अपने हितों को ध्यान में रखकर निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने घुमका चुनाव में विकास कार्यों, जनहित के मुद्दों और भाजपा सरकार की नाकामियों को प्रमुखता से उठाया जिसका परिणाम व्यापक जनसमर्थन के रूप में सामने आया। भाजपा ने सत्ता का दुरुपयोग करने का प्रयास किया, लेकिन जनता ने लोकतांत्रिक मूल्यों और कांग्रेस की विचारधारा पर विश्वास जताते हुए उसे करारा जवाब दिया। श्री साहू ने कहा कि फूलमती वर्मा की जीत केवल एक उम्मीदवार की जीत नहीं बल्कि जनता के विश्वास, विकास की राजनीति और कांग्रेस की जनहितैषी सोच की जीत है।

# खाद-बीज संकट, डीजल किल्लत और किसानों की बदहाली पर किसान कांग्रेस का हल्ला बोल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव/राजनांदगांव 6 जून।** खरीफ सीजन की शुरुआत से पहले प्रदेश के किसानों को खाद, बीज और डीजल जैसी बुनियादी कृषि आवश्यकताओं के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी गंभीर मुद्दे को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस की जिला इकाई ने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन के माध्यम से 10 सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की है।



किसान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश का किसान आज अभूतपूर्व संकट से गुजर रहा है। हर सुबह किसान इस उम्मीद में सोसायटी और बाजार की ओर निकलता है कि उसे खेती के लिए डीएपी खाद या ट्रैक्टर के लिए डीजल मिल जाएगा, लेकिन दिनभर की मशक्कत के बाद उसे केवल लंबी कतारें, प्रशासनिक अव्यवस्थाएं और निराशा ही हाथ लगती है। अन्नदाता खाद के एक-एक कट्टे के लिए भटक रहा है जबकि प्रभावशाली और रसूखदार लोग आसानी से अपनी जरूरतें पूरी कर लेते हैं। स्वागत-सत्कार और बड़े-बड़े भाषणों से किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होगा। जरूरत है कि शासन और प्रशासन धरातल पर उतरकर किसानों की वास्तविक परेशानियों को समझे और तत्काल राहत प्रदान करे।।किसान कांग्रेस ने अपने 10 सूत्रीय मांग पत्र में सबसे पहले प्रति एकड़ एक बोरी खाद देने की व्यवस्था को पूरी तरह अव्यावहारिक बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है। संगठन का कहना है कि किसानों को उनकी भूमि और फसल की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त खाद उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इसके अलावा पांच एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों को तीन किश्तों में खाद वितरण की व्यवस्था को समाप्त कर सभी किसानों को एकमुश्त खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई है। नेताओं का कहना है कि बार-बार सोसायटियों के चक्कर लगाना किसानों के लिए बेहद कठिन और समय की बर्बादी है। ज्ञापन में किसानों को अपनी आवश्यकता के अनुसार खाद और बीज लेने की स्वतंत्रता देने, ग्रामीण क्षेत्रों में डीजल-पेट्रोल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा जरीकैन में डीजल देने पर लगी पाबंदी हटाने की भी मांग की गई है। किसान कांग्रेस ने कृषि बिजली की बढ़ती दरों और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती को किसानों के लिए गंभीर समस्या बताते हुए कृषि पंपों के लिए मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने तथा कटौती पर रोक लगाने की मांग की है। संगठन ने खाद की कालाबाजारी और जमाखोरी पर भी चिंता व्यक्त की। ज्ञापन में कहा गया है कि खुले बाजार में ऊंचे दामों पर खाद बेची जा रही है, जिससे किसान आर्थिक रूप से और अधिक परेशान हो रहा है। शासन से पूरे प्रदेश में खाद की एक समान दर लागू करने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है। किसान कांग्रेस ने कृषि ऋण (केसीसी) की वर्तमान व्यवस्था को अपर्याप्त बताते हुए इसकी सीमा बढ़ाकर कम से कम 40 हजार रुपये प्रति एकड़ करने की मांग रखी है। साथ ही धान एवं अन्य कृषि उपज की राशि किसानों को एकमुश्त भुगतान करने की मांग भी उठाई गई है, ताकि किसान अपनी अगली फसल और पारिवारिक जरूरतों का बेहतर प्रबंधन कर सकें। ज्ञापन में उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, कृषि विभाग तथा कृषि अभियांत्रिकी विभाग की योजनाओं में पारदर्शिता लाने और लंबित अनुदान राशि का तत्काल भुगतान करने की मांग की गई है। इसके साथ ही घरेलू गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों को कम करने तथा गैस सिलेंडर वितरण की समयावधि घटाने की मांग भी की गई, ताकि ग्रामीण महिलाओं के घरेलू बजट पर पड़ने वाले अतिरिक्त आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। किसान कांग्रेस जिला इकाई ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि किसानों के हित में इन सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। संगठन का कहना है कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो प्रदेशभर में व्यापक जनआंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस अवसर पर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य क्रांति बंजारे, हेमंत साहू, चुम्मन साहू, पुरुषोत्तम साहू, गौतम वर्मा, ललिता टार्जन, रामकुमार साहू, ओमप्रकाश साहू, मोहनीश साहू, हेमसिंह साहू, जयचंद ठाकुर, पूरन साहू, ओमकार साहू, दिनेश पुराणिक, दशरथ ठाकुर सहित किसान कांग्रेस एवं कांग्रेस संगठन के अनेक पदाधिकारी और किसान प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान कैबिनेट मंत्री एवं सांसदों ने किया पौधरोपण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 6 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को दाऊ कल्याण शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, जांजगीर -चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए। इस दौरान कॉलेज परिसर में लगभग 100 पौधे रोपे गये। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। बरसात के मौसम में हर किसी को पेड़ लगाना चाहिए। अपने खेत, बाड़ी, नदी-नालों एवं तालाबों के किनारे ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं। इसके साथ ही शहरों में भी पेड़ लगाकर हरा- भरा बनाएं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन,पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, प्रमोद शर्मा,जिला अध्यक्ष आनंद यादव,भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## शराब का अवैध परिवहन फरार आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 6 जून।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाष, और सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीने वालो के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है अभियान कार्यवाही मे दिनांक 18.04.2026 को आरोपी अजीत यादव एवं अनील यादव द्वारा सफेद स्कार्पियो वाहन मे अवैध रूप से मात्रा से अधिक शराब ले जाने की सूचना पर तत्काल चौकी चिखली पुलिस टीम द्वारा रेड कार्यवाही कर गठुला नाला के पास नाकाबंदी कर सफेद रंग के स्कार्पियो को रोकवाने पर अजीत यादव के कब्जे से स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 08 वाय 1005 मे 24 नग किंग फिशर बीयर, 49 पौवा जम्मु स्पेशल व्हीस्की अंग्रेजी शराब अवैध रूप से परिवहन करते हुए पाया गया। आरोपी के कब्जे से उक्त शराब 24 नग किंग फिशर बीयर कुल 15.600 बल्क लीटर कीमती 4800 रूपये, 49 पौवा जम्मु स्पेशल व्हीस्की अंग्रेजी शराब कुल 8.820 बल्क लीटर कीमती 5880 रूपये एवं स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 08 वाय 1005 कीमती 600000 रूपये कुल जुमला कीमती 610680 रूपये जप्त कर वैधानिक कार्यवाही कर आरोपियो के विरूद्ध धारा सदर 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी अजीत यादव को जेल निरूद्ध किया गया था तथा प्रकरण के फरार मुख्य आरोपी अनील यादव पिता स्व. दषरथ यादव उम्र 56 साल ग्राम पेटेश्री ओपी तुमड़ीबोड़ थाना लालबाग जिला राजनांदगांव की लगातार पतासाजी की जा रही थी जिसे आज दिनांक 05.06.26 को ग्राम पेटेश्री अभिरक्षा मे लेकर वैधानिक कार्यवाही करते हुए गिर. कर माननीय न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

आरोपी अनिल यादव के विरूद्ध थाना लालबाग मे दर्ज अपराध- 01. अप.क्र. 152/01 धारा 34ए आब.एक्ट, 02. अप.क्र. 153/01 धारा 34ए आब.एक्ट, 03. अप.क्र. 56/10 धारा 341,294,323,506 भादवि, 3(1),(10) एसटी/एससी एक्ट, 04. अप.क्र. 326/15 धारा 34(2) आब.एक्ट, 05. अप.क्र. 82/18 धारा 34(2) आब.एक्ट, 06. अप.क्र. 419/19 धारा 34(2) आब.एक्ट, 07 अप.क्र. 440/20 धारा 34(2) आब.एक्ट, 08. अप.क्र. 01/19 धारा छ.ग. राज्य सुरक्षा अधि. 1980 की धारा 395, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही- 01. 305/05 धारा 107,116(3) जा.फौ., 52/10 धारा 107,116(3) जा.फौ., 06/10 धारा 110 जा.फौ., 21/11 धारा 110 जा.फौ., 05/18 धारा 110 जाफौ., 32/19 धारा 110 जा.फौ., इसी प्रकार अभियान कार्यवाही के तहत चौकी चिखली मे आम जनता की शिकायतो के आधार पर अलग अलग टीम गठित कर बदमाशो पर अंकुश लगाने हेतु पेट्रोलिंग कार्यवाही किया जा रहा है आज दिनांक 05.06.2026 को दौरान अभियान के तहत् झगड़ा विवाद कर अशांति फैला रहे बदमाश मुकेश भाण्डेकर पिता स्व. भोलाराम भाण्डेकर उम्र 32 साल साकिन स्टेशनपारा 16 खोली वार्ड नं. 12 ओपी चिखली जिला राजनांदगांव छ.ग. के विरूद्ध पृथक से धारा 170,126,135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर मान.न्यायालय राजनांदगांव पेश किया गया । उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चन्द्र मरई, प्र.आर. अरूण नेताम, म.प्र.आर. वंदन पटले, आर0 आदित्य सोलंकी, गोपाल पैकरा, सुनील बैरागी, चन्द्रकपूर आयाम एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

# खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक में कार्ययोजना का किया गया अनुमोदन

**बलौदाबाजार, 6 जून।** जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, जांजगीर -चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा की उपस्थिति में कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया एवं आगामी पंचवर्षीय कार्ययोजना की रूप रेखा पर चर्चा की गई।




बैठक में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्रों में डीएमएफकी राशि का बेहतर सदुपयोग पर विस्तृत चर्चा करते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पेयजल पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही युवाओं के लिये कौशल विकास एवं रोजगार सृजन को प्रथमिकता देते हुए कार्ययोजना बनाने का निर्णय लिया गया। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि जिला बलौदाबाजार- भाटापारा को डीएमएफके तहत बड़ी राशि मिलती है जिसका उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, कौशल विकास, कुपोषण उन्मूलन में प्राथमिकता से हो।खनन प्रभावित क्षेत्रों में विकास, जनसुविधा सहित आधोसंरचना निर्माण के लिये कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026-17 से स्वीकृत कार्य जो अब तक अप्रारम्भ है या पूर्ण नहीं हुआ है उनकी समीक्षा की जाए। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि डीएमएफ की राशि का सदुपयोग कर जिले की तस्वीर, तकदीर व सूरत बदली जा सकती है। उन्होंने नई गाइडलाईन के अनुसार राशि का उपयोग तय अनुपात अनुसार एवं क्षेत्र अनुसार करने कहा।उन्होंने स्कूल, कॉलेज एवं शासकीय भवनों के बाउंड्रीवाल के किनारे बड़ी संख्या में वृक्षारोपण करने, स्कूलों में प्रार्थना शेड निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल व्यवस्था पर जोर दिया। बैठक में डीएमएफ कार्य योजना में बेसलाईन सर्वे के आधार पर खनन प्रभावित प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष क्षेत्रों में मुख्यतः शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्र के संबंध में आधारभूत स्थिति का आंकलन कर आवश्यकताओं एवं अंतरालों (गैप) की पहचान कर गैप पूर्ति का प्रयास किया गया।शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों की कमी को ध्यान में रखते हुए 453 शिक्षकों की व्यवस्था कार्य योजना में की गई है। इसी प्रकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में चिकित्सा विशेषज्ञ, स्टॉफ नर्स, लैब टेक्निशियन आदि के कुल 99 पदों की व्यवस्था की गई है। जिससे जिले में बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराया जा सके।महिला एवं बाल कल्याण के क्षेत्र में जहां कुपोषित बच्चों के लिए पोषण आहार को प्राथमिकता में शामिल किया गया है, वहीं महिला स्वयं सहायता समूहों एवं युवाओं के आजीविका सृजन हेतु विशेष योजनाओं को कार्ययोजनाओं में सम्मिलित किया गया है।

वृद्ध एवं दिव्यांगजनों के जीवन स्तर में सुधार हेतु आजीविका सृजन के उपाय सहित आवश्यक उपकरण की उपलब्धता भी योजना में शामिल किया गया है।कृषि क्षेत्र में उन्नत कृषि तकनीकों पर फोकस किया गया है।भौतिक अधोसंरचना विकास हेतु सड़कों, पुल-पुलिया का मरम्मत आदि को प्राथमिकता के साथ पूर्ण किये जाने का लक्ष्य रखा गया है।ऊर्जा के क्षेत्र में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में हाई-मॉस्ट लाईट की व्यवस्था, पी.एम. सूर्यधर अंतर्गत अंशदान एवं ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों से प्रकाश व्यवस्था तथा शासन की योजनाओं के अनुरूप कार्य योजना तैयार किया गया है। बैठक में कसडोल विधायक संदीप साहु, भाटापारा विधायक इंद्र साव,बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक ओ. पी. शर्मा, डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य सदस्य एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

**नागरिकों से संवाद कर सुनी समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश**

# जिले के प्रभारी सचिव अविनाश चम्पावत जनसमस्या निवारण शिविर में हुए शामिल

राजनांदगांव 05 जून 2026। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जिले के प्रभारी सचिव श्री अविनाश चम्पावत आज डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव के स्कूल मैदान में जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए। इस दौरान कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे। सुशासन तिहार अंतर्गत नगर पालिक निगम राजनांदगांव के वार्ड क्रमांक 41, 42, 43 व 46 के लिए जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। जिले के प्रभारी सचिव श्री अविनाश चम्पावत ने नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं एवं संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव श्री चम्पावत ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत जनमानस की समस्याओं के प्रभावी निराकरण के लिए कार्य किया जा रहा है, ताकि आम जनता को आसानी से त्वरित सेवाएं उपलब्ध हो सके। उन्होंने शिविर में उपस्थित महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं अन्य हितग्राहियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए। जिले के प्रभारी सचिव श्री अविनाश चम्पावत ने शिविर में लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया एवं नागरिकों को शासन की योजनाओं के तहत अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए कहा। उन्होंने शिविर में नन्हें बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार किया। शिविर में 201 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें मांग के 180 तथा शिकायत 21 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने पिछले एक वर्ष में जिले में किए गए विकास कार्यों एवं शासन की योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले में पिछले एक वर्ष में बड़ी संख्या में आवासों का निर्माण हुआ है। वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 100 आवास पूर्ण हो रहे हैं। नगरीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत राज्य का पहला पूर्ण आवास भी राजनांदगांव जिले में तैयार हुआ है। उन्होंने बताया कि राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। पिछले एक वर्ष में 17 हजार से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिनमें 12 हजार से अधिक अविवादित खाता विभाजन, नामांतरण एवं सीमांकन के मामले ग्राम पंचायत स्तर पर ही निराकरण किए गए। इससे ग्रामीणों का समय एवं धन दोनों की बचत हुई है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में लखपति दीदी योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य से 150 प्रतिशत अधिक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि नगरीय क्षेत्र में खेल एवं शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार के लिए नालंदा परिसर, 2000 सीट क्षमता वाले ऑडिटोरियम, दिग्विजय स्टेडियम के उन्नयन, नए एस्ट्रोटर्फ तथा क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने कहा कि शहर के रानीसागर एवं बूढ़ासागर के सौंदर्यीकरण एवं विकास के लिए शासन द्वारा 40 करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने बताया कि घर-घर कचरा पृथक्करण के लिए 42 हजार से अधिक परिवारों को 84 हजार डस्टबिन वितरित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जिले में 3200 से अधिक सौर ऊर्जा कनेक्शन स्थापित किए गए हैं। कलेक्टर ने बताया कि जिला अस्पताल के उन्नयन के लिए 3 करोड़ 56 लाख रूपए की लागत से कार्य कराया गया है, जिसका लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही नए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का निर्माण भी किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल में प्रतिदिन हजारों मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने जिले में चलाए जा रहे पोट्ठ लईका पहल, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए किए जा रहे कार्यों, फसल चक्र परिवर्तन के संबंध में जानकारी दी।



शिविर में राजस्व, विद्युत विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, लोक सेवा केन्द्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्वास्थ्य, नल कनेक्शन, खाद्य विभाग, नजूल, स्वास्थ्य, आयुर्वेद, परिवहन, लीड बैंक, पशुधन सहित विभिन्न विभाग के स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में पीएम स्वनिधि योजनांतर्गत 3 हितग्राहियों को ऋण पत्र, समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड, परिवहन विभाग द्वारा ड्राईविंग लायसेंस, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नोनी सुरक्षा प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

## निकाय चुनाव का संदेश साफ है,राज्य में सुशासन है

जनता सरकार के प्रति कैसी सोच रखती है,जनता विपक्ष के प्रति कैसी सोच रखती है।क्या जनता सरकार से नाराज है, क्या जनता विपक्ष के काम से खुश है। क्या जनता सरकार से ज्यादा पसंद विपक्ष को करती है,क्या जनता अगले चुनाव में सत्तारूढ़ दल को हटाकर विपक्ष को मौका देना चाहती है।इसका एक ही पैमाना है चुनाव में जनता ने किसको ज्यादा पसंद किया। चुनाव में उसकी पहली पसंद क्या है।चुनाव में ज्यादा प्रत्याशी किसके जीते।हाल ही में हुए निकाय चुनाव के परिणाम से साफ है कि जनता साय सरकार के कामकाज से खुश है, वह मानती है कि राज्य में साय सरकार ने सुशासन कायम है। सुशासन तिहार के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। साय सरकार पर जनता ने जो भरोसा विधानसभा चुनाव में जताया था, वह भरोसा आज भी कायम है। राज्य की पांच नगर पंचायतों के चुनाव परिणाम के अनुसार तीन में भाजपा के अध्यक्ष जीते हैं और दो में कांग्रेस के अध्यक्ष विजयी रहे हैं। इसी तरह ७१ पार्षद पदों के लिए चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी ३९ पदों पर,कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी ३० सीटों पर विजयी रहे हैं साथ ही दो प्रत्याशी निर्दलीय जीते हैं।पांच नगर पंचायतों में से चार तो नवगठित नगर पंचायत थे,और एक नगर पंचायत में अध्यक्ष का उपचुनाव कराया गया था।चार नवगठित नगर पंचायत बम्हनीडीह,शिवनंदनपुर में भाजपा तथा सहसपुर लोहारा उपचुनाव में भाजपा का प्रत्याशी विजयी रहा वहीं कांग्रेस घुमरा व पलारी में विजयी रही।सहसपुर लोहारा सीट भाजपा की थी और उपचुनाव में भाजपा अपनी सीट बचाने में सफल रही।चार नवगठित नगर पंचायतों में से भाजपा व कांग्रेस दो दो जीतने में सफल रहे।वार्डस्तर व अध्यक्ष स्तर पर चुनाव में जनादेश कई जगह विपरीत भी रहा है।घुमका अध्यक्ष कांग्रेस का जीता लेकिन यहां १५ में से ११ वार्ड में भाजपा के पार्षद जीते हैं।वही शिवनंदनपुर में अध्यक्ष भाजपा की जीती तो यहां १५ में आठ पार्षद कांग्रेस के विजयी रहे हैं।सहसपुरलोहारा चुनाव जीतना भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न था और वह जीत गई। बम्हनीडीह में भाजपा का दबदबा रहा।यहां अध्यक्ष पद के साथ ही १५ में ११ वार्ड में भाजपा प्रत्याशी विजयी रहे। लोकतंत्र में तो संख्या से इस बात का फैसला होता है कि जनता की नंबर वन पसंद कौन है और नंबर दो पसंद कौन है।नगर निकाय चुनाव में अध्यक्षों की संख्या के आधार पर देखा जाए तो ज्यादा अध्यक्ष भाजपा के चुने गए हैं, इसलिए यह साफ कहा जा सकता है कि अध्यक्ष संख्या के हिसाब से जनता की पहली पसंद भाजपा और पार्षदों की संख्या के आधार पर देखा जाए तो भाजपा के ३९ पार्षद जीते है और कांग्रेस के ३० पार्षद जीते हैं, इससे भी साफ हो नगर निकाय चुनाव में जनता की पहली पसंद भाजपा बनी हुई है और कांग्रेस उसकी दूसरी पसंद है। इस हिसाब से देखा जाए तो जनता का मन विधानसभा चुनाव के बाद ढाई साल हो गए है और बदला नहीं है। वह आज भी साय सरकार के कामकाज से संतुष्ट है, वह मानती है कि साय सरकार राज्य में अच्छा काम कर रही है। उसने चुनाव में किए वादे पूरे किए है, उसकी योजनाओं का लाभ पंचायत,नगर पंचायत स्तर तक लोगों को मिल रहा है।नगर निकाय चुनाव के बाद सीएम साय ने कहा है कि प्रदेश के विभिन्न नगर पंचायतों के चुनाव में भाजपा को ज्यादा जनसमर्थन मिला है, इससे साफ हो जाता है कि भाजपा प्रत्याशियों की विजय सरकार के सुशासन,विकास व जनकल्याणकारी नीतियों के प्रति अटूट विश्वास का स्पष्ट प्रमाण है। इससे साफ हो जाता है कि जनता विकास,पारदर्शी प्रशासन व जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाली सरकार के साथ है।वहीं भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा है कि यह जीत राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के प्रति जनता के विश्वास का परिणाम है।चुनाव में जनता के सामने भाजपा व कांग्रेस में किसी एक नंबर वन चुनना था और जनता ने साफ कर दिया है कि उसके लिए आज भी नंबर वन पसंद वाली पार्टी भाजपा है क्योंकि भाजपा ने दो साल जनहित के बहुत काम किए है, वादे पूरे किए है,जहां भी सुधार की जरूरत थी वहां सुधार किए हैं और इसका लाभ उसे चुनाव में मिला है।वही कांग्रेस के प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के सुशील आनंद शुक्ला का नगर निकाय के चुनाव परिणाम पर कहना है कि जनता ने भाजपा के कुशासन को नकार दिया है,नगर निकाय के चुनाव परिणाम से साफ है कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के ढाई साल के कामकाज से नाराज है।विधानसभा चुनाव २८ पहले सरकार के खिलाफ जनता की नाराजगी सामने आ रही है।कांग्रेस विपक्ष में है वह तो वही देखेगी जो उसे देखना है।वह तो आए दिन कहती रहती है कि सरकार हर क्षेत्र में फेल है ऐसा होता तो कांग्रेस नगर निकाय की दो नहीं पांच पांच जीत जाती, जनता में सरकार के प्रति नाराजगी होती है तो वह कोई भी चुनाव है उसके माध्यम से जनता प्रकट करती है। नगर निकाय चुनाव के परिणाम से साफ है कि जनता भाजपा सरकार से नाराज नहीं है कम से कम इतनी नाराज तो नहीं है कि जिस कांग्रेस को उससे सत्ता से हटाया था उसे फिर ढाई साल में ही सत्ता के लायक समझेगी।जो विपक्ष में होता है वह सपने देखता रहता है कि सरकार से जनता नाराज है और अगले चुनाव में जनता हमको सत्ता सौपंगी । कांग्रेस विपक्ष में है, उसे सत्ता के सपने देखने का पूरा अधिकार है।

**समसामयिक**

# देश के दुलारे और राजनीति के मानक हैं योगी आदित्यनाथ!

**मनोज कुमार अग्रवाल**



आप जरा कल्पना किजिए नौ साल पहले के उत्तर प्रदेश की जहां माफिया थाने में पहुंच कर पुलिस वालों को बंधक बनाने का दुस्साहस कर रहे थे एक ओर भ्रष्टाचार अपहरण हत्या फिरौती सरकारी ठेकों पर बपौती का धंधा चरम पर था वहीं एक नेता आइएएस से जूते साफ कराने की मंशा खुलेआम माइक पर बोल रहे थे हर तरफ अराजकता सेकुलरिज्म के नाम पर एक खास समुदाय के लोगों को खुश करने के लिए खुला संरक्षण बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं दिमागी बुखार से हर साल मरते सैकड़ों बच्चे दूसरी ओर सरकारी धन पर जंगल सफारी और सैफई महोत्सव में मुंबईया हीरोइनों के नृत्य घटता निवेश और डूबते उध्योग माफियाओं की धमकियों से असुरक्षित उध्यमी। 2017 में उत्तर प्रदेश के भाग्य में बदलाव आया और योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। यहां से उत्तर प्रदेश में बदलाव और विकास का नया वातावरण तैयार हुआ है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में योगी आदित्यनाथ एक ऐसे तेजस्वी और तपस्वी नेता हैं, जिन्होंने साधु-सन्यासी की मर्यादा और कुशल प्रशासक के गुणों को एक साथ साधा है। जिनका जीवन सनातन मूल्यों, राष्ट्रीय चेतना और लोकसेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है। भगवा जिनके लिए गौरव ही नहीं बल्कि अस्तित्व है। एक ओर वे गोरखनाथ मठ के पीठाधीश्वर हैं, जहां वे धार्मिक और आध्यात्मिक परंपराओं का पालन करते हैं, वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में वे कानून, व्यवस्था और विकास का आधुनिक आदर्श प्रस्तुत करते हैं। शासन में उनकी छवि एक कठोर लेकिन न्यायप्रिय प्रशासक की है, जो जनहित को सर्वोपरि रखता है। गरीब-दलित-पिछड़ों की आवाज, हर फरियादी के लिए दिन-रात उपलब्ध योगी जी असल में एक जननायक हैं।उनके संपत्ति में मात्र चार जोड़ी गेरूआ सूती कपड़े है। पैर में भी सिर्फ साधारण कपड़े के जूते पहनते हैं योगी आदित्यनाथ का दिन 4 बजे ब्रह्ममुहूर्त में उठकर साधना और प्रार्थना से शुरू होता है। उनका मानना है कि आत्मानुशासन ही सच्चे नेतृत्व की पहली सीढ़ी है। उनका जीवन संयमित, सादा और पूर्णतः सात्विक है न कोई दिखावा, न कोई विलासिता। गोरखनाथ मंदिर में गौसेवा हो या मंदिर परिसर की सादगी, हर पहलू उनके सेवा और साधना भाव का परिचायक है।



भारत की राजनीति में एक कर्मठ योगी, हार्ड लीडरशिप, यूनिवर्सल ट्रांसपोर्टर, अपारजन समर्थक प्राप्तकर्ता हैं योगी आदित्य नाथ। जनता से सीधे-सीधे उन्हें लोकप्रिय नेता बना दिया। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को कानून, व्यवस्था, बुनियादी ढांचे की प्रगति, रैपिड डिवेलपमेंट मॉडल में अग्रणी प्रदेश बनाया गया। इससे उत्तर प्रदेश का भविष्य ही बदल गया।

योगी आदित्यनाथ का मूल नाम अजय सिंह विष्ट है। उनका जन्म उत्तराखंड के पौडी गढ़वाल जिले के एक सामान्य से परिवार में 05 जून 1972 को हुआ था। आदित्यनाथ बचपन से ही पढ़ाई में प्रखर और समाज के लिए कार्य करने के लिए आगे रहते थे।हेमवती नंदन बहुगुणा विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में बी.एससी. छात्र राजनीति एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें तर्कशीलता, निर्णय लेने की क्षमता और विश्लेषण क्षमता प्रदान की। शिक्षा प्राप्ति के बाद उनके अध्यात्म की ओर रुचि हुई। उन्हे महंत अवैध्यनाथ का सानिध्य प्राप्त हुआ । यहीं से उनके संन्यासी जीवन की शुरुआत हुई। बाद में 1994 में गोरखनाथ मठ के महंत धार्मिक कार्यकर्ताओं का नेतृत्व, सामाजिक सेवा और जनसम्पर्क उनके जीवन का हिस्सा बन गये। योगी आदित्यनाथ 26 वर्ष की आयु में गोरखपुर लोकसभा सीट से सांसद बने। उनके स्पष्ट विचार एवं सशक्त जनाधार एवं सीधे संवाद ने उन्हें लोकप्रिय बनाया। गोरखपुर से पांचवी बार सांसद बने और राजनीति का प्रमुख चेहरा बने। सन 2017 में भारतीय जनता पार्टी से वे उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री बने। उनका नेतृत्व प्रदेश में होने के कारण कठोर अनुशासन, न्याय पूर्ण शासन शैली पर लक्ष्य लगा। उनके शासन में अपराध और अपराध पर नियंत्रण किया गया। माफियाओं से जब्त अवैध कब्जे की संपत्तियों पर गरीबों के लिए आवास बना कर दिये जा रहे हैं । गाजियाबाद जनपद मे सरकारी भूमि पर बनाया गया मदरसा ध्वस्त कर दिया गया है। यूपी में अराजकता सांप्रदायिक घृणा विद्वेष के चलते छात्र की कुर्बानी कर हत्या करने वाले मुख्य अभियुक्त को पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश दिया है। कराना सम्भल जैसे क्षेत्रों में बहुसंख्यकों को पलायन के लिए मजबूर करने वाले तत्वों पर सख्त कार्रवाई कर सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया गया है प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे बुंदेल खंड एक्सप्रेस-वे गंगा एक्सप्रेस-वे हिंडन जेवर हवाई अड्डे मेट्रो परियोजनाओं को मूर्त रूप दिया गया है। इन परियोजनाओं के कारण प्रदेश का विकास गतिवान हो रहा है रोजगार मे उत्तरोत्तर प्रगति हो रही है। प्रदेश में वैश्विक निवेशक शामिल, प्रदेश में भारी निवेश बढ़ा । शहरी विकास और काशी विश्वनाथ मंदिर अयोध्या, मथुरा और बनारस का पुन निर्माण अयोध्या दीप उत्सव की विश्व में पहचान खेती और किसानों को पर्याप्त संरक्षण सिचाई फसल बीमा बिजली व्यवस्था मे सुधार कुशल नेतृत्व अद्भुत निर्णय क्षमता सभी की सराहना का विषय बना हुआ है। मिशन शक्ति और बेटी व नारी सुरक्षा के लिए ज़ीरो टालरेंस नीति अनुशासित कठोर शासक आध्यात्मिक होने के साथ-साथ व्यावहारिक मानसिकता और कार्यशैली देश विदेश में लोकप्रिय हो रही है। यूपी मॉडल भारत की राजनीति में नामांकन रहता है। अन्य राज्यों की जनता भी यूपी मॉडल की मांग करती है।आज योगी आदित्यनाथ को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के उत्तराधिकारी बतौर माना जा रहा है। ऐसे वीतराग संयासी के हाथों में यूपी जैसे राज्य ने अपराध और माफिया के खिलाफ एक बड़ी जंग जीत कर कानून व्यवस्था का राज कखयम किया है। ऐसे विरल व्यक्तित्व निसंदेह भारत के स्वर्णिम भविष्य के रचियता बनेंगे इसमे कोई संदेह नहीं है।

## आज का राशिफल

6 जून 2026, शनिवार का दिन ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि के साथ शुरू होगा। यह तिथि रात 2 बजकर 41 मिनट तक रहेगी, जिसके बाद सप्तमी तिथि लग जाएगी। पुरुषोत्तम मास का यह 21वां दिन है और आज से मृत्यु पंचक का आरंभ भी माना जा रहा है। मृत्यु पंचक सभी पंचकों में सबसे ज़्यादा कष्टदायी माना जाता है.

शनिवार होने की वजह से कुछ लोग सप्ताहभर के अधूरे काम पूरे करने की कोशिश करेंगे, तो कुछ लोग घर-परिवार से जुड़े मामलों पर समय देना चाहेंगे। कई घरों में खर्चों का हिसाब-किताब भी निकल सकता है। कुछ लोग आने वाले दिनों को लेकर नई योजना बना सकते हैं, जबकि कुछ लोग किसी पुराने निर्णय पर दोबारा विचार करते नजर आ सकते हैं।

मेष राशिः 6 जून की सुबह इस जातक के लोगों के दिमाग में कोई अधूरा काम, किसी व्यक्ति से की जाने वाली बातचीत या अगले सप्ताह की कोई जिम्मेदारी घूमती रह सकती है। शुरुआत में लग सकता है कि दिन थोड़ा भारी रहने वाला है, लेकिन जैसे-जैसे समय आगे बढ़ेगा, आपको महसूस होगा कि जिन बातों को लेकर आप सबसे ज्यादा परेशान थे.

वृषभ राशिः आज का दिन किसी तेज बदलाव से नहीं, बल्कि छोटी-छोटी संतोष देने वाली बातों से याद रह सकता है। सुबह की शुरुआत घर से जुड़ी जिम्मेदारियों के साथ हो सकती है। कोई ऐसा काम जिसे आप कई दिनों से टाल रहे थे, आज पूरा करने का मन बन सकता है। दिलचस्प बात यह रहेगी कि एक बार शुरुआत करने के बाद काम उम्मीद से जल्दी निपटता चला जाएगा।

मिथुन राशिः 6 जून की शुरुआत किसी संदेश, फोन कॉल या अचानक मिली जानकारी के साथ हो सकती है। छुट्टी का दिन होने के बावजूद आपका दिमाग पूरी तरह आराम के मूड में नहीं रहेगा। एक बात खत्म होगी तो दूसरी बात ध्यान खींच लेगी। कई लोगों को आज यह महसूस हो सकता है कि उनका मन एक साथ कई दिशाओं में दौड़ रहा है।

कर्क राशिः आज आपका मन बाहरी दुनिया से ज्यादा अपने घर और अपने लोगों की तरफ खिंचा हुआ महसूस हो सकता है। सुबह किसी घरेलू काम या परिवार से जुड़ी चर्चा में समय निकल सकता है। अगर पिछले कुछ दिनों से व्यस्तता ज्यादा थी तो आज थोड़ा धीमा होने का मौका मिल सकता है। दोपहर के समय कोई पुरानी तस्वीर, पुराना गीत या किसी रिश्तेदार का जिक्र अचानक बीते समय की याद दिला सकता है।

सिंह राशिः आज कुछ लोगों की नजर आप पर सामान्य से ज्यादा रह सकती है। परिवार हो, मित्र हों या कार्यक्षेत्र से जुड़े लोग, आपकी राय को महत्व दिया जा सकता है। हालांकि हर जगह अपनी बात मनवाने की कोशिश करने से बचें। दिन के दौरान कोई ऐसी स्थिति बन सकती है जहां आपको धैर्य दिखाना पड़े।

कन्या राशिः सुबह उठते ही लग सकता है कि आज बहुत सारे काम एक साथ निपटाने हैं। दिलचस्प बात यह है कि जिन बातों को लेकर आप सबसे ज्यादा चिंता करेंगे, वही सबसे आसानी से पूरी होती चली जाएंगी। दोपहर के आसपास कोई छोटी-सी घटना आपका ध्यान दूसरी तरफ खींच सकती है। यह कोई पुराना संदेश, अचानक आई कॉल या किसी परिचित से जुड़ी खबर भी हो सकती है।

तुला राशिः आज सुबह किसी एक बात पर मन टिकना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। एक तरफ जिम्मेदारियां होंगी, दूसरी तरफ मन कुछ अलग करने की इच्छा जताएगा। दिन की शुरुआत भले साधारण लगे, लेकिन कुछ छोटी घटनाएं आपको सोचने पर मजबूर कर सकती हैं। किसी व्यक्ति की कही हुई बात दिनभर याद रह सकती है।

वृश्चिक राशिःआज का दिन शायद बाहर से सामान्य दिखे, लेकिन भीतर बहुत कुछ चलता हुआ महसूस होगा। सुबह किसी पुराने अनुभव, अधूरी बातचीत या किसी ऐसे व्यक्ति की याद के साथ शुरू हो सकती है जिसके बारे में आपने लंबे समय से नहीं सोचा था। कुछ बातें बिना वजह भी मन में जगह बना लेती हैं और आज ऐसा ही कुछ हो सकता है।

धनु राशिः इस राशि के जातक को 6 जून का दिन रोजमर्रा की भागदौड़ से थोड़ा अलग सोचने का मौका दे सकता है। सुबह उठते ही मन किसी नई योजना, आने वाले दिनों की तैयारी या किसी पुराने अधूरे विचार की तरफ जा सकता है। छुट्टी का दिन होने के बावजूद दिमाग पूरी तरह आराम के मूड में नहीं रहेगा।

मकर राशिः 6 जून की सुबह शायद बाकी लोगों की तरह आराम से शुरू न हो। छुट्टी का दिन होने के बावजूद आपका दिमाग किसी न किसी जिम्मेदारी की तरफ जाता रह सकता है। आंख खुलते ही आने वाले सप्ताह के काम, किसी अधूरे वादे या घर से जुड़ी किसी बात का ख्याल मन में आ सकता है। कई बार आप खुद पर जरूरत से ज्यादा जिम्मेदारियां ले लेते हैं और आज भी कुछ ऐसा ही महसूस हो सकता है।

कुंभ राशिः 6 जून की सुबह किसी अलार्म या शोर से नहीं, बल्कि अपने ही विचारों से शुरू हो सकती है। आंख खुलने के बाद कुछ देर तक आप छत देखते हुए या चाय का कप हाथ में लेकर किसी ऐसी बात के बारे में सोचते रह सकते हैं जिसका जवाब अभी तक नहीं मिला है। दिलचस्प बात यह है कि आज आपका मन लोगों से ज्यादा अपने विचारों के साथ समय बिताना पसंद करेगा।

मीन राशिः6 जून का दिन थोड़ा धीमे कदमों से आगे बढ़ सकता है। सुबह उठने के बाद कुछ देर तक मन पूरी तरह वर्तमान में नहीं रहेगा। कोई पुरानी याद, कोई अधूरा सपना या किसी व्यक्ति की याद अचानक मन के दरवाजे पर दस्तक दे सकती है। ऐसा नहीं कि आप उदास रहेंगे, लेकिन भावनाएं सामान्य दिनों की तुलना में कुछ ज्यादा सक्रिय रह सकती हैं। दिन के पहले हिस्से में अगर मौका मिले तो खुद को थोड़ा समय जरूर दें।

# छत्तीसगढ़ का स्मार्ट पंजीयन मॉडल बना सुशासन की नई पहचान

**सुनील त्रिपाठी**

छत्तीसगढ़ में सुशासन और नागरिक सुविधाओं को केंद्र में रखकर प्रशासनिक व्यवस्थाओं में व्यापक सुधार किए जा रहे हैं। इसी दिशा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी के नेतृत्व में पंजीयन विभाग में ऐतिहासिक एवं परिवर्तनकारी सुधारों की शुरुआत की गई है। राज्य सरकार का उद्देश्य पंजीयन प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी, तकनीक आधारित तथा नागरिकों के लिए पूरी तरह सुविधाजनक बनाना है।

कभी लंबी कतारों, घंटों इंतजार, दस्तावेजों के सत्यापन में देरी और बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने वाली पंजीयन



प्रक्रिया अब पूरी तरह बदलती दिखाई दे रही है। पहले जहां एक साधारण रजिस्ट्री पूरी करने में 4 से 6 घंटे अथवा कई बार 1 से 2 दिन तक लग जाते थे, वहीं अब आधुनिक डिजिटल व्यवस्थाओं की मदद से यही प्रक्रिया केवल 15 से 20 मिनट में पूरी हो रही है। इससे नागरिकों के समय, धन और ऊर्जा तीनों की बड़ी बचत हो रही है।

राज्य सरकार ने अगले एक वर्ष के भीतर प्रदेश के सभी 119 पंजीयन कार्यालयों को स्मार्ट एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। पहले चरण में नवा रायपुर सीबीडी बिल्डिंग, बेबीलॉन टॉवर रायपुर, श्रीराम बिजनेस पार्क, सड्डू, कलेक्ट्रेट परिसर रायगढ़, दुर्ग, बिलासपुर, कुनकुरी, अभनपुर तथा तिल्दा सहित 10 प्रमुख कार्यालयों को आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है।

इन नए स्मार्ट पंजीयन कार्यालयों में अब नागरिकों को वेटिंग लाउंज, वातानुकूलित सुविधा, स्वच्छ एवं व्यवस्थित परिसर, निःशुल्क वाई-फाई, मोबाइल चार्जिंग स्टेशन, शुद्ध पेयजल, आधुनिक शौचालय, हेल्प डेस्क तथा प्री-प्रेजेंटेशन काउंटर जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। इससे पंजीयन कार्यालय अब किसी आधुनिक सेवा केंद्र की तरह दिखाई देने लगे हैं। रायगढ़ के लाभार्थी आशीष अग्रवाल ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि, पहले यहां आने पर निराशा महसूस होती थी, लेकिन अब माहौल पूरी तरह बदल गया है। बैठने की अच्छी व्यवस्था है, एसी लगा है, ठंडे पानी की सुविधा है और पूरा वातावरण बेहतर हो गया है। इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी का बहुत-बहुत धन्यवाद।

डिजिटल तकनीक के उपयोग से पंजीयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता भी बढ़ी है। टोकन सिस्टम लागू होने से भीड़ और अव्यवस्था कम हुई है, वहीं बिचौलियों की भूमिका समाप्त होने से अतिरिक्त खर्च पर रोक लगी है। अब नागरिकों को व्हाट्सएप नोटिफिकेशन, कैशलेस भुगतान, खसरा नंबर के माध्यम से संपत्ति की ऑनलाइन जानकारी तथा डिजीलॉकर जैसी सुविधाएं भी मिल रही हैं, जिससे दस्तावेज तुरंत और सुरक्षित रूप से उपलब्ध हो रहे हैं।

यह पूरी व्यवस्था तेजी से पेपरलेस और डिजिटल मॉडल की ओर बढ़ रही है, जिससे शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों मजबूत हो रही हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में लागू यह स्मार्ट पंजीयन मॉडल रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के विजन को धरातल पर उतारने का प्रभावी उदाहरण बन गया है।

छत्तीसगढ़ आज पुराने, जटिल और फाइलों के बोझ वाले सिस्टम को पीछे छोड़ते हुए आधुनिक डिजिटल प्रशासन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य का यह स्मार्ट पंजीयन मॉडल न केवल प्रदेश में सुशासन की नई परिभाषा गढ़ रहा है, बल्कि देश के अन्य राज्यों के लिए भी एक प्रेरणादायक उदाहरण बनता जा रहा है।

**लेखक सहायक संचालक जनसंपर्क हैं**

# रासायनिक खाद,मिट्टी का क्षरण और वैश्विक पर्यावरण संकट

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**



वैश्विक स्तरपर बीसवीं सदी में हरित क्रांति को मानव इतिहास की सबसे बड़ी कृषि उपलब्धियों में गिना गया,जिसने अकाल से जूझती दुनियाँ को अन्न- आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर किया। रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों और उन्नत बीजों के व्यापक उपयोग ने उत्पादन को अभूतपूर्व रूप से बढ़ाया। किंतु इक्कीसवीं सदी में वही कृषि मॉडल अब एक वैश्विक पर्यावरणीय, स्वास्थ्य और पारिस्थितिक संकट का रूप ले चुका है। रासायनिक खादों का अंधाधुंध उपयोग मिट्टी की उर्वरता, भूजल की शुद्धता, खाद्य पोषण और जैव विविधता चारों स्तंभों को एक साथ कमजोर कर रहा है। यह संकट केवल किसी एक देश या क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि एशिया, अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका हर जगह इसके दुष्परिणाम स्पष्ट दिखने लगे हैं।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क्ि मिट्टी केवल फसल उगाने का माध्यम नहीं है,बल्कि यह एक जीवंत पारिस्थितिक प्रणाली है जिसमें अरबों सूक्ष्मजीव, केंचुए, फफूंद और जीवाणु सक्रिय रहते हैं। ये तत्व मिट्टी को भुरभुरा बनाते हैं, पोषक तत्वों का चक्र चलाते हैं और पौधों को प्राकृतिक रूप से पोषण उपलब्ध कराते हैं।रासायनिक खादों विशेषकर नाइट्रोजन,फॉस्फोरस और पोटाश आधारित उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग इस संतुलन को नष्ट कर देता है।लगातार रसायनों के प्रयोग से मिट्टी की जैविक कार्बन सामग्री घटती है, जिससे उसकी जल धारण क्षमता कम हो जाती है और वह कठोर,निर्जीव तथा बंजर होने लगती है। अंतरराष्ट्रीय मृदा विज्ञान संगठनों के अनुसार, विश्व की लगभग 33 प्रतिशत कृषि भूमि पहले ही किसी न किसी रूप में क्षरण का शिकार हो चुकी है। भारत, चीन और अमेरिका जैसे कृषि प्रधान देशों में मिट्टी की ऊपरी उपजाऊ परत तेजी से खत्म हो रही है। यह स्थिति दीर्घकाल में खाद्य उत्पादन को अस्थिर बना देती है और किसानों को और अधिक रसायनों पर निर्भर होने के लिए मजबूर करती है, एक ऐसा दुष्चक्र, जिससे बाहर निकलना अत्यंत कठिन हो जाता है।लाभकारी रासायनिक खादों का सबसे घातक प्रभाव मिट्टी में मौजूद लाभकारी सूक्ष्मजीवों पर पड़ता है। नाइट्रोजन स्थिर करने वाले जीवाणु, माइकोराइजा फफूंद और जैविक अपघटक जीव मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरता के आधार होते हैं। जब रसायन सीधे पौधों को पोषण उपलब्ध करा देते हैं, तो ये सूक्ष्मजीव निष्क्रिय होने लगते हैं या मर जाते हैं। परिणामस्वरूप मिट्टी की आत्मनिर्भरता समाप्त हो जाती है और वह बाहरी इनपुट पर निर्भर हो जाती है।

साथियों बात अगर हम संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन की रिपोर्टें को समझने की करें तो यह चेतावनी देती हैं कि यदि यही प्रवृत्ति जारी रही,तो आने वाले दशकों में बड़ी मात्रा में कृषि भूमि जैविक रूप से मृत हो सकती है। ऐसी मिट्टी में उत्पादन बनाए रखने के लिए रसायनों की मात्रा लगातार बढ़ानी पड़ती है, जिससे लागत, प्रदूषण और जोखिम तीनों बढ़ते हैं।रासायनिक खादों का एक बड़ा हिस्सा पौधों द्वारा अवशोषित नहीं हो पाता और वर्षा या सिंचाई के साथ मिट्टी की निचली परतों में रिसकर भूजल में मिल जाता है। नाइट्रेट और फॉस्फेट जैसे तत्व भूजल को प्रदूषित कर देते हैं, जो सीधे पीने के पानी के स्रोत बनते हैं। यह समस्या अब केवल ग्रामीण कृषि क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि शहरी क्षेत्रों में भी गंभीर रूप ले चुकी है।भारत के इंदौर में जहरीला जल पीने से 15 से अधिक लोगों की मृत्यु की घटना इस संकट कीभयावहता को उजागर करती है। यह केवल एक स्थानीय दुर्घटना नहीं, बल्कि उस व्यापक समस्या का प्रतीक है जिसमें कृषि रसायन, औद्योगिक अपशिष्ट और अव्यवस्थित जल प्रबंधन मिलकर मानवजीवन के लिए घातक परिस्थितियाँ पैदा कर रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, नाइट्रेट- प्रदूषित जल से ब्लू बेबी सिंड्रोम, कैंसर और अन्य दीर्घकालिक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।



साथियों बात अगर हम वैश्विक परिप्रेक्ष्य में जल संकट और कृषि रसायन को समझने की करें तो यूरोप के कई देशों,विशेषकर नीदरलैंड्स और फ्रांस में,भूजल में नाइट्रेट स्तर खतरनाक सीमा को पार कर चुका है,जिसके कारण सरकारों को उर्वरक उपयोग पर कड़े नियम लगाने पड़े हैं। अमेरिका में डेड ज़ोन की समस्या-जहाँ नदियों से बहकर गए पोषक तत्व समुद्र में ऑक्सीजन की कमी पैदा कर देते हैं,कृषि रसायनों के दुष्प्रभावका अंतरराष्ट्रीय उदाहरण है। यह दर्शाता है कि रासायनिक खाद का असर केवल खेत तक सीमित नहीं रहता, बल्कि नदियों, झीलों और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र तक फैल जाता है।

साथियों बात अगर हम रसायनों के अत्यधिक उपयोगसे खाद्य पोषण में गिरावट और जहरीला भोजन इसको समझने क्ी करें तो,रसायनों के अत्यधिक उपयोग से फसलें भले ही आकार में बड़ी और देखने में आकर्षक हों, लेकिन उनकी पोषण गुणवत्ता लगातार गिर रही तत्वों की कमी सीधे पौधों की पोषण संरचना को प्रभावित करती है।इसके अतिरिक्त कीटनाशकों और उर्वरकों के अवशेष भोजन में बने रहते हैं, जो मानव शरीर में धीरे-धीरे जमा होकर कैंसर, मधुमेह, हार्मोन असंतुलन और तंत्रिका तंत्र से जुड़ी बीमारियों को जन्म दे सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी ने कई कृषि रसायनों को संभावित कार्सिनोजेन की श्रेणी में रखा है, जो इस खतरे की गंभीरता को रेखांकित करता है।रासायनिक खाद और कीटनाशकों से जुड़ा स्वास्थ्य संकट तात्कालिक नहीं, बल्कि दीर्घकालिक और व्यापक होता है। किसान, खेत मजदूर और ग्रामीण समुदाय सबसे पहले इसकी चपेट में आते हैं, लेकिन शहरी उपभोक्ता भी इससे अछूते नहीं हैं। भोजन, पानी और पर्यावरण तीनों माध्यमों से रसायन मानव शरीर में प्रवेश करते हैं।यह एक ऐसा साइलेंट पैंडेमिक''है, जो धीरे-धीरे समाज की स्वास्थ्य संरचना को कमजोर कर रहा है और स्वास्थ्य प्रणालियों पर भारी बोझ डाल रहा है।मिट्टी के स्वास्थ्य में गिरावट का सीधा असर उसमें रहने वाले जीव-जंतुओं पर पड़ता है। केंचुए, जिन्हें मिट्टी का किसान कहा जाताहै,रासायनिक खादों के कारण तेजी से कम हो रहे हैं। कीटों और सूक्ष्म जीवों की विविधता में कमी से प्राकृतिक परागण और कीट नियंत्रण की प्रक्रियाएँ बाधित होती हैं। इससे जैव विविधता का संतुलन बिगड़ता है और पारिस्थितिकी तंत्र अस्थिर हो जाता है।पक्षियों, उभयचरों और जलीय जीवों की कई प्रजातियाँ कृषि रसायनों के कारण संकटग्रस्त हो चुकी हैं। यह केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व से जुड़ा प्रश्नहै,क्योंकिपारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बिगड़ने का अंतिम प्रभाव मानव जीवन पर ही पड़ता है।

साथियों बात अगर हम जैविक खाद और टिकाऊ खेतीःएकमात्र व्यवहारिक विकल्प, इसको समझने की करें तो इस वैश्विक संकट का समाधान रासायनिक खेती के विकल्पों में निहित है।जैविक खाद, हरी खाद, कंपोस्ट, वर्मी-कंपोस्ट और प्राकृतिक कृषि पद्धतियाँ मिट्टी की उर्वरता को पुनर्जीवित कर सकती हैं। ये न केवल मिट्टी के सूक्ष्मजीवों को संरक्षित करती हैं, बल्कि भूजल प्रदूषण को भी रोकती हैं। जैविक खेती से उत्पादित भोजन अधिक पोषक और सुरक्षित होता है, जिससे दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं।विश्व के कई देशों ने टिकाऊ कृषि को नीति स्तर पर अपनाना शुरू कर दिया है। यूरोपीय संघ की फार्म टू फोर्क रणनीति, भारत की प्राकृतिक खेती पहल और अफ्रीका में एग्रो-इकोलॉजी आंदोलन इस दिशा में सकारात्मक कदम हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि सभ्यता के सामने एक निर्णायक मोड़ पैदा हो गया है,रासायनिक खादों का संकट केवल कृषि का मुद्दा नहीं है; यह मानव स्वास्थ्य, पर्यावरणीय सुरक्षा,खाद्यसंप्रभुता और भावी पीढ़ियों के अस्तित्व से जुड़ा प्रश्न है। यदि वर्तमान रुझान जारी रहे, तो दुनियाँ को भोजन की कमी नहीं, बल्कि स्वस्थ भोजन की कमी का सामना करना पड़ेगा। अब यह स्पष्ट हो चुका है किअल्पकालिक उत्पादन लाभ के लिए दीर्घकालिक प्राकृतिक संसाधनों का बलिदान देना आत्मघाती है।जैविक खाद और टिकाऊ खेती केवल विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन चुकी है।यह परिवर्तन केवल किसानों से नहीं,बल्कि नीति- निर्माताओं, वैज्ञानिकों, उपभोक्ताओं और वैश्विक समुदाय से सामूहिक प्रतिबद्धता की मांग करता है।मिट्टी,जल और जीवन तीनों को बचाने का यही एकमात्र रास्ता है, और यही मानव सभ्यता के भविष्य की वास्तविक कसौटी भी।

## एक नजर

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया प्रारंभ

**बीजापुर 6 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बीजापुर के समस्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं बीजापुर, उसूर, भैरमगढ, एवं भोपालपटनम में प्रवेश हेतु संचालित व्यवसायों में एक वर्षीय व्यवसाय कोपा, मैकेनिक डीजल एवं द्विवर्षीय व्यवसाय फिटर एवं विद्युतकार में प्रवेश के लिये 29 मई 2026 से 15 जून 2026 तक ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया जा सकता हैं। प्रवेश के इच्छुक आवेदक स्वयं विभागीय वेबसाइट cgiti.admission.nic.in पर लॉगिन कर अथवा किसी भी लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### केंद्रीय जेल जगदलपुर में नक्सल कैदी बाथरूम में फिसला, उपचार के दौरान मौत

**जगदलपुर, 6 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केंद्रीय जेल जगदलपुर में नक्सल मामले में सजा काट रहा एक कैदी रमेश कुंजाम 35 वर्ष बीती गुरूवार रात बाथरूम में फिसलकर गिर गया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसे उपचार के लिए महारानी अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान कैदी ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों को मामले की जानकारी दे दिया गया है। कोतवाली थाना प्रभारी लीलाधर राठौर ने बताया कि बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र के ग्राम लिंगापुर में रहने वाला रमेश कुंजाम 35 वर्ष नक्सल मामले में सजा काट रहा था, जिस पर 3 नक्सल मामले चल रहे थे। नक्सल मामले होने के कारण रमेश को केंद्रीय जेल दंतेवाड़ा में रखा गया था। लेकिन नवंबर 2025 में उसे जगदलपुर जेल में शिफ्ट कर दिया गया था। गुरुवार की रात को रमेश बाथरूम करने के लिए गया हुआ था। जहां बाथरूम में बिखरे पानी में उसका पैर फिसल गया और गिर पड़ा। रमेश की आवाज को सुनकर अन्य कैदियों ने उसे जेल प्रहरियो की मदद से महारानी अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में मृतक के परिजनों को सूचना दे दिया गया है।

### महिला का आभूषण लूटने वाला गिरफ्तार

**कांकेर, 6 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कांकेर जिले के दुर्गकोंदल थाना क्षेत्र में खेत से पैदल घर लौट रही एक महिला से सोने की माला समझकर गले में पहनी चेन झपटमारी करने वाला एक आरोपी आशीष भट्टाचार्य को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही घटना में इस्तेमाल की गई कार भी जब्त कर ली गई है। दुर्गकोंदल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया श्रीमती कुमारीबाई, निवासी ग्राम घोटिया, विक्रमगंज स्थित अपने खेत से काम खत्म कर घर लौट रही थीं। इसी दौरान भानुप्रतापपुर-दुर्गकोंदल मुख्य मार्ग पर विक्रमगंज के समीप एक सफेद रंग की कार आकर रुकी। कार में तीन युवक और एक युवती सवार थे। कार से उतरे एक युवक ने बातचीत के बहाने महिला को रोक लिया और उसके गले में पहनी माला को सोने की माला समझकर झपट लिया। इसके बाद आरोपी अपने साथियों के साथ कार में बैठकर मौके से फरार हो गया। महिला की शिकायत पर दुर्गकोंदल थाने में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की। जांच के दौरान संदिग्धों की पहचान कर आरोपी आशीष भट्टाचार्य को रायपुर स्थित उसके निवास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने घटना करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से महिला के आभूषण एवं घटना में प्रयुक्त मारुति डिजायर कार भी बरामद कर ली है।

### सुरक्षाबलों ने अबूझमाड़ में दो नक्सली स्मारक ध्वस्त किए

**नारायणपुर, 6 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के संवेदनशील अबूझमाड़ क्षेत्र में आईटीबीपी की 41वीं वाहिनी और नारायणपुर पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर ग्राम उसेबेड़ा और कस्तूरमेटा-2 में दो नक्सली स्मारकों को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने भी सुरक्षाबलों का सहयोग किया। जेसीबी मशीन की सहायता से सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए स्मारकों को हटाया गया। ग्रामीणों ने इस कार्रवाई का खुलकर स्वागत किया। उनका कहना था कि माड़ क्षेत्र के लोग अब बंदूक और हिंसा की संस्कृति के बजाय शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास की राह पर आगे बढ़ना चाहते हैं। दरअसल, ये स्मारक लंबे समय से नक्सली विचारधारा और हिंसात्मक गतिविधियों के प्रतीक माने जाते थे।

# नपा उपाध्यक्ष के वार्ड में गुणवत्ताहीन सीसी सड़क का निर्माण

- साल भर भी नहीं टिक पाई सीमेंट कांक्रीट सड़क.
- नगर विकास के नाम पर चल रहा भारी भ्रष्टाचार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 6 जून।** नगर पालिका दंतेवाड़ा अपने नित नये कारनामों के लिए पहचानी जाती है। नपा दंतेवाड़ा और भ्रष्टाचार का गठजोड़ ऐसा जैसे चोली दामन का साथ। नगर क्षेत्र में होने वाले हर काम में अनियमितताएं देखने सुनने को मिल रही है। नगर पालिका में भ्रष्टाचार पुरी तरह से हावी है। नगर के वार्ड नंबर 12 पातररास में साल भर पहले 26 लाख की लागत से करीब 600 मीटर का एक सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण किया गया था साल भर के भीतर ही इस सड़क का हाल बेहाल हो चुका है। सड़क के बीचों बीच मोटी सी दरार पड़ गई है साथ ही सड़क कई जगहों से धंस कर टूट गया है। सड़क का हाल इस कदर खराब हो चुका है कि बच्चे साईकिल तक नहीं चला पा रहे साईकिल के टायर फ्टी हुई सड़क के दरार में समा जा रही है। बाईक भी लोग सम्हल कर चला रहे हैं। बेहद ही घटिया एवं गुणवत्ताहीन सड़क का निर्माण किया गया है। ये हाल जिला मुख्यालय के नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12 पातररास का है। बता दें कि वार्ड नंबर 12 कोई सामान्य वार्ड नहीं बल्कि नगर पालिका उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा का वार्ड है जहां के वे निवासी हैं और इसी वार्ड से जीतकर आए हैं। श्री मिश्रा ने वार्डवासियों से चुनाव के वक्त वायदा किया था कि इस वार्ड को वे बेहतर से बेहतर वार्ड बनाएंगे। सड़क, पानी, बिजली, नाली की माकुल व्यवस्था की जाएगी। आज वार्डवासी अपने को ठगा सा महसूस कर रहे हैं । वार्ड की जनता पुछ रही है कि क्या ऐसे ही सड़क बनाने के लिए हमने वोट देकर पालिका भेजा था। जवाब नहीं है उपाध्यक्ष के पास कोई। बहरहाल घटिया सड़क निर्माण की शिकायत वार्डवासियों ने सीएमओ वीकेएस पालदास से की है। अधिकारी ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस भेजने की बात कही है। खैर देर सबेर सड़क को तो दुरूस्त हो जाएगा क्योंकि अभी ये सड़क 3 साल की गारंटी में है लिहाजा ठेकेदार को इसे ठीक करके ही देना होगा मगर बड़ा सवाल यह कि जनता का टूटा हुआ भरोसा जनप्रतिनिधि दुबारा कैसे जीत पाएंगे? क्योंकि हर 5 साल में जनता जर्नादन के सामने नतमस्तक होने जाना ही पड़ता है।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर उद्यानिकी महाविद्यालय सोनारपाल में पौधरोपण व जन-जागरूकता अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 6 जून।** महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग के अंतर्गत संचालित नवीन उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सोनारपाल बस्तर में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर जन-प्रतिनिधियों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने मिलकर न केवल परिसर को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण हेतु जन-जागरूकता फैलाने की सामूहिक प्रतिज्ञा भी की।




समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. इशु साहू ने की, जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सोनारपाल ग्राम पंचायत के सरपंच दयाराम बघेल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में जगदलपुर उद्यानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. जीपी नाग, उपसरपंच कैलाश मौर्य, ग्राम सभा सोनारपाल के अध्यक्ष संतोराम और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी रामकुमार देवांगन ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों और प्रबुद्धजनों द्वारा फलदार एवं आर्थिक महत्व के पौधों के रोपण से हुई, जिसके तहत काजू, पपीता और ऑयल पाम (तेल पाम) के पौधों का रोपण किया गया। ये पौधे बस्तर की जलवायु के अनुकूल हैं और भविष्य में परिसर की जैव-विविधता तथा हरित आवरण को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इस अवसर पर सरपंच दयाराम बघेल ने ग्रामीणों और युवाओं को जल संरक्षण करने सहित अधिकाधिक पौध रोपण करने और समाज से सिंगल यूज पॉलिथीन के उपयोग को पूरी तरह समाप्त करने हेतु जन-जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। वहीं विशिष्ट अतिथि डॉ जीपी नाग ने मिट्टी के बढ़ते प्रदूषण और इसके गंभीर प्रभावों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए क्षेत्र के किसानों का आह्वान किया कि वे रासायनिक उर्वरकों और घातक कीटनाशकों का उपयोग कम करें तथा बड़े पैमाने पर प्राकृतिक व जैविक खेती को अपनाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही डॉ. इशु साहू ने प्रदूषण के कारण हो रहे जलवायु परिवर्तन और उनके दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना केवल सरकार का कर्तव्य नहीं है, बल्कि यह हम सभी का नैतिक दायित्व है और प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए।

इस विशेष अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के भीतर पर्यावरण चेतना जगाने के लिए रंगोली, पोस्टर और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी कला और रचनात्मकता के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। इस गरिमामयी समारोह में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रीतिका समरथ, डॉ. अग्निभ हालदार, डॉ. रिनू, डॉ. वागेश्वरी सहित छात्र-छात्राएं, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक और स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### 241 बस्तरिया बटालियन द्वारा सेडवा मुख्यालय में पौधरोपण समारोह का आयोजन

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सेडवा स्थित 241 बस्तरिया बटालियन के मुख्यालय कैंप परिसर में वृक्षारोपण समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत कैंप परिसर के विस्तृत क्षेत्रों को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से कुल 165 पौधे रोपे गए। आयोजन के दौरान बटालियन के जवानों और अधिकारियों में प्रकृति के प्रति गहरा उत्साह देखा गया, जिन्होंने पौधों को लगाने के साथ-साथ उनके दीर्घकालिक संरक्षण और देखभाल की भी पूरी जिम्मेदारी ली। इस गरिमामयी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वितीय कमान अधिकारी संजय कुमार रहे, जिन्होंने समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों और देश के समर्पित जवानों को संबोधन में वैश्विक स्तर पर पर्यावरण के सामने खड़ी गंभीर चुनौतियों को रेखांकित करते हुए बताया कि आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और लगातार बढ़ते प्रदूषण जैसी अभूतपूर्व और चिंताजनक समस्याओं का मजबूती से सामना कर रही है। उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि वर्तमान समय में प्राकृतिक संतुलन को निरंतर बनाए रखने और मानव जीवन के अस्तित्व के लिए शुद्ध वायु सुनिश्चित करने हेतु बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण करना अत्यंत आवश्यक हो गया है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ ने लगाए 111 पौधे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 6 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा जिला आर्थिक प्रकोष्ठ, बस्तर द्वारा शुक्रवार को धरमपुरा-भाटागुड़ा स्थित आन्या विद्याभूमि परिसर में 111 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ शिव चंद्राकर तथा भाजपा जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

पौधरोपण अभियान के तहत मौलश्री, आम, अमरूद सहित विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष अभियान 12 साल विश्वास के, 12 साल विकास के, 12 साल जनकल्याण के के अंतर्गत आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को केवल एक दिवस तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समय रहते पर्यावरण संरक्षण के प्रति गंभीर नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

महापौर संजय पाण्डेय ने कहा कि बस्तर प्राकृतिक संपदाओं से समृद्ध क्षेत्र है। विकास के साथ बढ़ती पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच समाज के छोटे-छोटे प्रयास भी पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामाश्रय सिंह ने कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ पौधों का संरक्षण भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने कम से कम तीन वर्षों तक पौधों की देखभाल सुनिश्चित करने पर बल दिया।

आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अविनाश जैन ने बताया कि शहर के गणमान्य नागरिकों की सहभागिता से परिसर में 111 पौधों का रोपण किया गया है। उन्होंने सभी पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प भी दोहराया। कार्यक्रम के अंत में जिला सहसंयोजक परमेश राजा ने अतिथियों एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विद्याशरण तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुधीर पाण्डेय, श्रीधर ओझा, आनंद मोहन मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष नरसिंह राव, जिला महामंत्री परीसराम बेसरा, आर्येन्द्र सिंह आर्य, प्रदेश सहसंयोजक मनीष पारख, अविनाश श्रीवास्तव, प्रकाश झा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, पार्षद एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# धान उठाव और कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर सहकारी कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 6 जून।** खरीफविपणन कार्य से जुड़ी समस्याओं तथा धान उठाव में आ रही कठिनाइयों को लेकर जिला सहकारी कर्मचारी संघ, बस्तर के पदाधिकारियों ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर के अध्यक्ष दिनेश कश्यप एवं उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संघ ने समितियों में लंबित धान के शीघ्र उठाव, परिवहन व्यवस्था में तेजी लाने तथा सूखत (धान में होने वाली कमी) से संबंधित व्यावहारिक समस्याओं के समाधान की मांग की। पदाधिकारियों ने बताया कि समय पर धान का उठाव नहीं होने से समितियों में अतिरिक्त दबाव बन रहा है, जिससे कर्मचारियों को कार्य संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संघ प्रतिनिधियों ने कहा कि धान खरीदी एवं भंडारण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए समितियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण आवश्यक है। उन्होंने सूखत की गणना में व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाने तथा कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लेने की मांग भी रखी। बैंक अध्यक्ष दिनेश कश्यप ने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित मुद्दों पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। वहीं उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने कहा कि सहकारी व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कर्मचारियों की जायज मांगों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.एस. धुव, अतिरिक्त प्रबंधक एस.ए. रज़ा, पर्यवेक्षक मनोज सिंह तथा जिला सहकारी कर्मचारी संघ बस्तर के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



# परिवहन समिति व ट्रक मालिकों के बीच जमकर हुआ बवाल, मौके पर पहुंची पुलिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,6 जून।** बस्तर जिले के नगरनार स्थित प्लांट के बाहर परिवहन समिति और ट्रक मालिकों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इस दौरान जमकर नारेबाजी और धक्का-मुक्की हुई। स्थिति तनावपूर्ण होते देख नगरनार पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाइश देकर मामला शांत कराया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। विदित हो कि नगरनार प्लांट में परिवहन व्यवस्था को लेकर ट्रक और ट्राला मालिक लंबे समय से नाराज चल रहे हैं। वाहन मालिकों का आरोप है कि परिवहन समितियों के रवैए और कार्यप्रणाली के कारण उन्हें लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी नाराजगी के चलते बड़ी संख्या में वाहन मालिक एकत्र हुए और परिवहन समितियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। विरोध के दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते धक्का-मुक्की में बदल गई। विवाद बढ़ने की सूचना मिलते ही नगरनार पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रण में लिया। एहतियात के तौर पर पुलिस बल भी तैनात किया गया, ताकि किसी तरह की अप्रिय स्थिति न बने। प्रदर्शन कर रहे वाहन मालिकों ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी 15 दिनों के भीतर परिवहन व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया और उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे अपने वाहन जिला प्रशासन को सौंप देंगे। इधर, पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों को समझाइश देकर मामला शांत करा दिया गया है।

# संसदीय संकुल विकास परियोजना के तहत ग्राम पाथरी कोलावल में बैठक ग्रामीणों को दी गई जानकारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 6 जून।** बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप की पहल पर शुरू की गई संसदीय संकुल विकास परियोजना के क्रियान्वयन की दिशा में बकावंड विकासखंड के ग्राम पाथरी कोलावल में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। परियोजना का उद्देश्य जनजातीय समाज के आर्थिक, सामाजिक एवं सर्वांगीण विकास को गति प्रदान करना है।

बैठक में संसदीय संकुल विकास परियोजना के विकास सहयोगी पप्पू चालकी ने ग्रामीणों को परियोजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बकावंड ब्लॉक की 16 ग्राम पंचायतों का चयन इस विशेष योजना के लिए किया गया है। इन पंचायतों में प्राथमिकता के आधार पर विभिन्न विकास कार्य संचालित किए जाएंगे, जिससे ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।

बैठक के दौरान ग्रामीणों से सुझाव भी लिए गए तथा उन्हें परियोजना के उद्देश्यों एवं संभावित लाभों से अवगत कराया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने क्षेत्र के विकास कार्यों में सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्थानीय विद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पाथरी कोलावल के सरपंच समदूराम कश्यप, रोहन घोष, पूर्व सरपंच मंगलूराम कश्यप, पंचगण, आराम पुजारी, ईश्वर कश्यप, नेहरू नेताम, सुदर्शन कश्यप, जयसिंह, डमरू, जयराम, पासरुराम, पुरसो कश्यप, फूलसिंह नेताम, ग्राम पंचायत सचिव, वन विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जगदलपुर में विकास कार्यों का महापौर ने किया निरीक्षण

- नालंदा परिसर और पेयजल परियोजना की प्रगति का लिया जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 6 जून।** शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए महापौर संजय पाण्डे ने शनिवार को अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धरमपुरा में लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन नालंदा परिसर, अमृत योजना के तहत पाइपलाइन विस्तार कार्य तथा गंगामुंडा तालाब के सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान महापौर ने धरमपुरा स्थित निर्माणाधीन नालंदा परिसर का अवलोकन करते हुए अधिकारियों से कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि नालंदा परिसर जगदलपुर के विद्यार्थियों और युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित होगा, जहां अध्ययन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और ज्ञानवर्धन से जुड़ी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र में अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता दे रही है और यह परियोजना शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी।

इसके बाद महापौर ने धरमपुरा क्षेत्र में अमृत योजना के अंतर्गत चल रहे पाइपलाइन विस्तार कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने रोड कटिंग कर पाइप जोड़ने तथा तेतरकुटी जलाशय से जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी से कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने समय पर और गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया।

महापौर श्री पाण्डे ने कहा कि नई पाइपलाइन बिछने से क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर और नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। नगर निगम शहर के सभी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रहा है और पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करना उसकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जल वितरण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है, जिससे नागरिकों को पेयजल संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने कार्यों की गुणवत्ता का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने गंगामुंडा तालाब के पिछले हिस्से का निरीक्षण कर सौंदर्यीकरण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गंगामुंडा तालाब के सौंदर्यीकरण से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और यह शहर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, नगर निगम के कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, इंजीनियर दीपांशु देवांगन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### शासन की योजनाओं से रूबरू हुए नागरिक

# सुशासन तिहार के दूसरे चरण में उमड़ा जनसैलाब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कुरूद, 5 जून ।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सुशासन तिहार के दूसरे चरण के अंतर्गत नगर पालिका कुरूद के स्वामी विवेकानंद मंगल भवन केनाल रोड में भव्य जनकल्याणकारी शिविर एवं विभागीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने, जहां शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ प्राप्त आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्योति भानु चंद्राकर ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन कर अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन और जनता के बीच की दूरी को समाप्त कर आम नागरिकों को उनके अधिकार एवं योजनाओं का लाभ सहज रूप से उपलब्ध कराना है। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषित बच्चों को पोषण टोकरी वितरित की गई तथा नोनी योजना के अंतर्गत पात्र बच्चों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, पुलिस एवं अन्य विभागों ने अपने-अपने स्टॉलों के माध्यम से योजनाओं, सेवाओं एवं जनहितकारी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। नगर पालिका सीएमओ महेद्र राज गुप्ता एवं नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर से नगर के नागरिकों ने शिकायत करते हुए ऊंचे आवाजों में चिल्लाकर अपनी भड़ास निकालते हुए नजर आए भड़ास का कारण सर्वजनि के शौचालय के कार्य में बाधा उत्पन्न होना या उनके मनपसंद कार्य नहीं होना। शहर के पानी खेत में जाने को लेकर भी चिल्लाकर आवेदन देते नजर आए। नगर पालिका सीएमओ एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने उनके आवेदन का अभिलंब समाधान करने के आदेश दिएकार्यक्रम में मिथलेश बैस, रवि मानिकपुरी, कविता चंद्राकर, राजकुमारी ध्रुव, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष धनेश्वरी निर्मलकर, पूर्व पार्षद विनोद चंद्राकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।सुशासन तिहार के इस आयोजन में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। पूरे आयोजन के दौरान जनसहभागिता और प्रशासनिक सक्रियता का सकारात्मक माहौल देखने को मिला।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर, शासकीय आयुर्वेद औषधालय अकलवारा में पौधारोपण एवं हर्बल गार्डन का लोकार्पण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 6 जून।** विश्व पर्यावरण संरक्षण एवं औषधीय पौधों के संवर्धन के उद्देश्य से आयुष्मान आरोग्य मंदिर, शासकीय आयुर्वेद औषधालय अकलवारा, विकासखंड छुरा, जिला गरियाबंद में वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं नवनीकृत हर्बल गार्डन में औषधीय पौधों का रोपण किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच श्री गोवर्धन दीवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में औषधालय प्रभारी डॉ. ऐश्वर्य साहू, सचिव श्री घनश्याम यादव, श्री जगदीश साहू सोरीद, श्री अवधराम, श्री बली यादव, श्री धर्मराज साहू (शिक्षक), श्री दुर्गा सेन (सीएचओ), श्री महेश्वर सिदार (आरएचओ), सुश्री मनीषा ध्रुव (एएनएम), श्री नितन साहू (मितानिन प्रतिनिधि), श्री फिरतूराम, सुश्री रोशनी सेन (योग सहायक), श्री रूपसिंह नेताम (फार्मासिस्ट) एवं श्री संतोष यादव (पीटीएस) सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान नवनीकृत हर्बल गार्डन में अश्वगंधा, शतावरी, रुद्राक्ष, जंगली प्याज, चित्रक, नीम, गिलोय एवं गुड़मार सहित विभिन्न औषधीय पौधों का रोपण एवं वितरण किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन एवं औषधीय पौधों के महत्व पर चर्चा की गई।औषधालय प्रभारी डॉ. ऐश्वर्य साहू ने बताया कि शासकीय आयुर्वेद औषधालय अकलवारा द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता, औषधीय पौधों का निःशुल्क वितरण तथा उनके संरक्षण हेतु नियमित रूप से गतिविधियां संचालित की जाती हैं। साथ ही औषधालय परिसर में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए वर्षा जल संचयन (ऋड्डद्बठ्ठ ड्ड्डह्लद्गह्ल ॥ड्डह्म्ख्द्गह्यह्लद्बठ्ठद्द) एवं जल संरक्षण संबंधी कार्य भी किए जा रहे हैं।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमुदाय को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया गया।

## एक नजर

### ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**भिलाई,6 जून** भिलाई नए हार्वेस्टर को खरीदने का रकम प्राप्त कर ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जेवरा सिरसा प्रभारी समित मिश्रा ने बताया कि मेसर्स दुर्ग ट्रेक्टर्स का अधिकृत डीलर मालवीय नगर, शांति निकेतन अपार्टमेंट मोहन नगर दुर्ग निवासी वरूण प्रताप सिंह ने नया हार्वेस्टर की राशि प्राप्त करने के बाद पीड़ितों को हार्वेस्टर उपलब्ध नहीं कराया है इसे लेकर पुलिस में परशुराम साहू, धनेश ढीमर एवं टीकाराम साहू ने लिखित शिकायत किया था हर्वेस्टर को लेकर लगातार वरुण टाल मटोल कर पीड़ितों को घुमाता रहा पुलिस जांच के बाद पीड़ितों द्वारा हार्वेस्टर के लिए बैंक से राशि फायनेंस कराई गई। सीधे वरुण प्रताप सिंह के फर्म में बैंक से ट्रांसफर हुई पीड़ितों व्दारा नगद राशि का भुगतान भी अनावेदक को किया था। लेकिन डीलर वरुण प्रताप सिंह पीड़ितों को नया हार्वेस्टर की राशि लेने के बाद भी उन्हें उपलब्ध नहीं कराया पीड़ित से 27 लाख रुपए डीलर वरुण ने लिया जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने आरोपी को खोजबीन कर तुरंत गिरफ्तार किया है डीलर प्रताप के खिलाफ डौण्डी लोहारा बालोद में भी अपराध दर्ज है।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन



**रायगढ़, 6 जून।** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर में संपन्न हुआ। जिसमें कुल 385 खिलाड़ियों ने सक्रिय भागीदारी कर अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन एवं समर्पण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिविर में कुल 14 खेल विधाओं को शामिल किया गया था, जिनमें बैडमिंटन, कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट, ताइक्वांडो, कूडो, आर्चरी, बॉक्सिंग, किक-बॉक्सिंग, योगासन एवं वुशू प्रमुख रहे। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को तकनीकी कौशल, शारीरिक फिटनेस, खेल अनुशासन तथा टीम भावना के विकास पर विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया।समापन समारोह में सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी, रायगढ़ श्री जीवन लाल नायक, सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायगढ़ श्रीमती प्रतिमा सागर, व्यायाम शिक्षक श्री जितेश्वर प्रधान, सेवानिवृत्त सहायक संचालक श्री प्रेमकिशोर प्रधान, श्री मुकेश चटर्जी सेवानिवृत्त व्यायाम शिक्षक, श्री बी.के. डनसेना सेवानिवृत्त व्यायाम शिक्षक सहित जिला स्तरीय खेल संघों के पदाधिकारी एवं प्रशिक्षकगण उपस्थित रहे।इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर केवल खेल कौशल विकसित करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह बच्चों एवं युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का एक सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को एक समान अवसर प्रदान करते हैं, जिससे खिलाड़ी भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकते हैं। खेल जीवन में केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का एक महत्वपूर्ण साधन है, जो युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। मौके पर सेवानिवृत्त व्यायाम शिक्षकों का विशेष सम्मान किया गया तथा प्रत्येक खेल से चयनित सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (बालक/बालिका) को भी सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

# किसानों की जरूरतों को प्राथमिकता, सहकारी समितियों में खाद का भंडारण जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 6 जून ।** खरीफ सीजन 2026 को ध्यान में रखते हुए जिले में किसानों को समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। जिला प्रशासन एवं सहकारिता विभाग के समन्वित प्रयासों से सहकारी समितियों में रासायनिक उर्वरकों का निरंतर भंडारण सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि खेती-किसानी के महत्वपूर्ण समय में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

अपेक्स बैंक के जिला नोडल अधिकारी श्री एस.पी.सिंह ने बताया कि जिले की 79 सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को आवश्यक कृषि आदान उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वर्तमान में समितियों में रासायनिक खाद का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा किसानों की मांग के अनुरूप लगातार आपूर्ति की जा रही है। अब तक किसानों को 7 हजार मीट्रिक टन से अधिक रासायनिक खाद का वितरण किया जा चुका है।

जिला प्रशासन द्वारा उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है। आवश्यकता के अनुरूप समितियों में अतिरिक्त भंडारण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके। कृषि विभाग द्वारा किसानों को संतुलित पोषण प्रबंधन अपनाने के लिए रासायनिक उर्वरकों के साथ-साथ हरी खाद, जैव उर्वरक एवं नीलहरित काई जैसे पर्यावरण अनुकूल विकल्पों के उपयोग हेतु भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अलावा आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है। जिला प्रशासन एवं सहकारिता विभाग द्वारा खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे किसानों को समय पर आवश्यक कृषि आदान उपलब्ध हो सके तथा बेहतर फसल उत्पादन के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का हुआ आयोजन



**रायगढ़, 6 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रायगढ़ जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे के मार्गदर्शन में आयोजित इन ग्राम सभाओं का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर लोगों को जागरूक करना रहा। विशेष ग्राम सभाओं में ग्रामीणों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) नियम-2026 के प्रावधानों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि ठोस अपशिष्टों का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करना वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इसके माध्यम से न केवल गांवों को स्वच्छ बनाया जा सकता है, बल्कि पर्यावरण प्रदूषण को भी प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है।

# नैनो उर्वरकों ने बदली खेती की तस्वीर, किसान जगदीश प्रधान को मिला बेहतर उत्पादन



**रायगढ़, 6 जून।** खेती में आधुनिक तकनीकों के उपयोग से किसानों की आय बढ़ाने और उत्पादन लागत कम करने की दिशा में किए जा रहे प्रयास अब सकारात्मक परिणाम देने लगे हैं। रायगढ़ विकासखंड के ग्राम भिखारीमाल निवासी किसान जगदीश प्रधान ने जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के मार्गदर्शन में नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का उपयोग कर खेती में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

जगदीश प्रधान ने अपनी लगभग पांच एकड़ कृषि भूमि में नैनो उर्वरकों का उपयोग किया। वे बताते हैं कि कृषि विभाग द्वारा समय-समय पर दी गई तकनीकी जानकारी और मार्गदर्शन से उन्हें इन उर्वरकों के सही उपयोग की समझ मिली। इसके बाद उन्होंने अपनी फसलों में नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का प्रयोग शुरू किया, जिसके परिणाम उत्साहजनक रहे। उन्होंने बताया कि नैनो उर्वरकों के उपयोग से फसल की वृद्धि बेहतर हुई, पौधे अधिक स्वस्थ एवं हरे-भरे दिखाई दिए तथा उत्पादन में भी सकारात्मक सुधार देखने को मिला। साथ ही अन्य उर्वरकों की तुलना में लागत कम हुई और पोषक तत्वों के उपयोग की दक्षता बढ़ी, जिससे खेती अधिक लाभकारी बन सकी।

जगदीश प्रधान का कहना है कि आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर किसान कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि किसानों को नई तकनीकों और नवाचारों से जोड़ने का कार्य कृषि क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन ला रहा है। बता दे कि जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा किसानों को नवाचार आधारित खेती से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। जिला प्रशासन ने जिले के अन्य किसानों से भी अपील की है कि वे कृषि विभाग के मार्गदर्शन में नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी जैसे आधुनिक उर्वरकों का उपयोग करें और वैज्ञानिक खेती अपनाकर अपनी आय एवं उत्पादन में वृद्धि करें।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर कलेक्टर, एसपी सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने किया पौधारोपण

# आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित जीवन के लिए जलवायु संतुलन जरूरी





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर,6 जून।** जिले के अलग अलग क्षेत्रों में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर विश्वदीप ने पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।कलेक्टर विश्वदीप ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जलवायु संतुलन बनाए रखने, जैव विविधता के संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। वनमंडल बीजापुर एवं सीआरपीएफ द्वारा संयुक्त पौधरोपणवनमंडलाधिकारी जाधव सागर रामचंद्र एवं उप वनमंडलाधिकारी देवेंद्र गोंड के निर्देशन में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 196वीं बटालियन केकमांडेंट मनीष कुमार, डिप्टी कमांडेंट कुणाल किशोर साथ संयुक्त रूप से कैंप परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। उपस्थित अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने का संदेश दिया।नगर पालिका जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं महिलाओं ने किया वृक्षारोपणपर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका बीजापुर के जनप्रतिनिधी, नगर पालिका अधिकारी एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष भुवन चौहान व अन्य पार्षदों ने पौधा रोपण किया। कार्यक्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी बंशी लाल नूरूटी, सहायक अभियंता देवेंद्र पहाड़ी, उप अभियंता तीरथ राम सिंह, स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी ने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन और हरित विकास के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

## समाचार संक्षेप

### 26.400 लीटर महुआ शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

**रायगढ़, 6 जून।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए कुल 26.400 लीटर महुआ शराब जब्त की है। कार्रवाई के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कलेक्टर के निर्देश एवं सहायक आयुक्त आबकारी क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन में 4 जून को आबकारी वृत्त खरसिया की टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर यह कार्रवाई की। आबकारी उपनिरीक्षक कुशल पटेल एवं स्टाफ द्वारा की गई इस कार्रवाई में बड़ी मात्रा में अवैध महुआ शराब बरामद हुई।



आबकारी विभाग के अनुसार, एडुपुल देहजरी निवासी शंकर नारायण बंजारे के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। वहीं अचानकपुर (डोमनारा) निवासी महेश राठिया के पास से 10.200 लीटर महुआ शराब बरामद हुई। इसी प्रकार अचानकपुर (डोमनारा) की निवासी दमयंती राठिया के कब्जे से 9.200 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। तीनों मामलों में आबकारी टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। आबकारी विभाग ने आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज किया है। विभाग ने कहा है कि अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण एवं तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन का विशेष जांच अभियान जारी, कॉस्मेटिक एवं औषधि प्रतिष्ठानों की हुई जांच

**रायगढ़, 6 जून।** जिले में उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण औषधियां एवं प्रसाधन सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विशेष जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत 4 एवं 5 जून को जिले के विभिन्न औषधि एवं कॉस्मेटिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर आवश्यक जांच एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई की गई। विशेष अभियान के प्रथम दिवस 4 जून को एई इंटरप्राइजेज, ज्योति स्टोर, विष्णु जनरल स्टोर, श्रृंगारिका तथा डिवाइन ब्यूटी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान खरीद-बिक्री संबंधी अभिलेखों, कॉस्मेटिक उत्पादों की वैधता अवधि, भंडारण व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। अधिकारियों द्वारा कॉस्मेटिक उत्पादों की गुणवत्ता एवं नियमानुसार उपलब्धता का भी परीक्षण किया गया।अभियान के द्वितीय दिवस 5 जून को किरोड़ीमल शासकीय अस्पताल, सीएचसी लोईंग एवं पुसौर में औषधियों के नमूने एकत्रित कर रासायनिक विश्लेषण एवं गुणवत्ता परीक्षण हेतु भेजे गए। विभागीय अधिकारियों ने औषधियों के सुरक्षित भंडारण, रिकॉर्ड संधारण तथा नियमानुसार संचालन संबंधी बिंदुओं की भी जांच की। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा बताया गया कि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं मानक अनुरूप औषधियां तथा प्रसाधन सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस प्रकार के निरीक्षण एवं जांच अभियान नियमित रूप से संचालित किए जा रहे हैं। विभाग द्वारा औषधि एवं कॉस्मेटिक प्रतिष्ठानों में निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए सतत निगरानी रखी जा रही है। जनस्वास्थ्य एवं उपभोक्ता हितों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# कोयले का अवैध कारोबार,तीन गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई,6 जून।** पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराध एवं अवैध कारोबार के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। थाना खुर्सीपार पुलिस एवं एसीसीयू दुर्ग को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। कोयले का अवैध रूप से भंडारण कर चोरी छिपे बिक्री करने वाले मुख्य आरोपी एवं अन्य दो सहयोगी सहित तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 3 लाख रुपए से अधिक कीमत का 15 टन से अधिक कोयला एवं 3 मोबाइल जब्त किया गया है। आरोपी फर्जी जीएसटी बिल दिखाकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश कर रहा था जीएसटी बिल सत्यापन में इस मामले का खुलासा हुआ डीएसपी क्राइम यादुमणि सिदार ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि खुर्सीपार गेट में विजय केसरवानी द्वारा भारी मात्रा में कोयले का अवैध रूप से भंडारण कर चोरी छिपे बिक्री की जा रही है तथा उससे आर्थिक लाभ अर्जित किया जा रहा है सूचना मिलते ही एसीसीयू दुर्ग एवं थाना खुर्सीपार पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी। जांच के दौरान मुख्य आरोपी विजय कुमार केसरवानी के कब्जे से लगभग 15.530 टन कोयला, व्यापार में प्रयुक्त काटा तराजू तथा अन्य संबंधित अभिलेख बरामद किए गए।

पुलिस ने विवेचना के दौरान पाया कि फर्जी दस्तावेज तैयार करने एवं उपलब्ध कराने में अन्य व्यक्तियों की सक्रिय भूमिका रही है। जांच में वित्तीय लेनदेन, डिजिटल भुगतान माध्यमों, मोबाइल संचार एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य का विश्लेषण किया गया जिसमें फर्जी जीएसटी दस्तावेज तैयार करने वाले राजकुमार मिश्रा एवं उसके सहयोगी सुनील शर्मा की संलिप्तता सामने आई। इस प्रकरण में कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है इस मामले में पुलिस ने आरोपी विजय कुमार केसरवानी खुर्सीपार मार्केट, राजकुमार मिश्रा प्रियंका नगर खुर्सी पार, सुनील शर्मा ( 50 साल ) निवासी दल्ली राजहरा जिला बालोद वर्तमान कराया गया दस्तावेजों का गहन सत्यापन इस मामले में आरोपी द्वारा वैध स्वामित्व एवं स्त्रोत के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। पुलिस ने मात्र दस्तावेजों पर विश्वास ना करते हुए सूझबूझ, तकनीकी विश्लेषण एवं वैज्ञानिक जांच पद्धति का उपयोग करते हुए प्रस्तुत दस्तावेजों का गहन सत्यापन कराया। जांच के दौरान प्रस्तुत जीएसटी दस्तावेजों, परिवहन अभिलेख एवं अन्य रिकार्ड का संबंधित विभाग में परीक्षण कराया गया जिसमें दस्तावेज कूटरचित एवं फर्जी पाए गए आरोपी द्वारा पुलिस को गुमराह कर वास्तविक तथ्यों को छुपाने का प्रयास किया गया था मामले में की जा रही है आगे जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने कहा कि प्रकरण में बरामद कोक- कोयले के वास्तविक स्त्रोत, स्वामित्व, परिवहन व्यवस्था तथा संभावित चोरी अथवा अन्य अपराधिक गतिविधियों से संबंध की जांच की जा रही है। इस संबंध में विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं से आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा रही है। पुलिस द्वारा मामले के प्रत्येक पहलू को गंभीरता से जांच की जा रही है तथा इसमें संलिप्त अन्य व्यक्तियों की भी भूमिका की पड़ताल की जा रही है

एक नजर

## कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने रक्षित केंद्र में हुआ 'बलवा ड्रिल' का पूर्वाभ्यास



**बलौदाबाजार 6 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आगामी समय में जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति या कानून-व्यवस्था की समस्या से निपटने के लिए आज दिनांक 05.06.2026 को प्रातः 07.00 बजे से रक्षित केंद्र बलौदाबाजार में एक वृहद 'बलवा ड्रिल' (दंगा नियंत्रण अभ्यास) का आयोजन किया गया। यह पूर्वाभ्यास पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी. शर्मा के कुशल निर्देशन और मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अत्याधुनिक उपकरणों और रणनीतियों का प्रदर्शन- बलवा ड्रिल के दौरान पुलिस जवानों को विभिन्न प्रकार के दंगा नियंत्रण उपकरणों जैसे- आंसू गैस के गोले छोड़ना, केन शील्ड का उपयोग, लाठी चार्ज की सही तकनीक और वज्र वाहन के इस्तेमाल का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही, SWAT टीम ने रणनीतिक रूप से मोर्चा संभालते हुए गंभीर स्थितियों में त्वरित कार्रवाई का बेहतरीन समन्वय दिखाया। पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी. शर्मा का संदेशः- इस पूर्वाभ्यास का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल की कार्यकुशलता को निखारना और किसी भी कानून-व्यवस्था की स्थिति में त्वरित व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। हमारी SWAT टीम और जिला पुलिस बल किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने और नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह मुस्तैद और सक्षम हैं। इस पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में श्री अभिषेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, श्री प्रेमलाल साहू उप पुलिस अधीक्षक, श्रीमती उषा सोन्धिया उप पुलिस अधीक्षक, उषा ठाकुर रक्षित निरीक्षक सहित भारी संख्या में पुलिस बल के अधिकारी व जवान उपस्थित रहे। पूरा अभ्यास अत्यंत अनुशासित और सफल रहा।

## मारपीट करने वाले 2 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 6 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी रोमनाथ वर्मा निवासी ग्राम बड़े भरसेला द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 03.06.2026 को रात्रि 08:00 बजे लगभग वह दुकान से सामान लेकर वापस आ रहा था, कि इसी बीच नहर पुल के पास आरोपी बेदराम ध्रुव एवं महेंद्र पैकरा द्वारा पुरानी रंजीश पर से अश्लील गाली गलौज कर, जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, बेल्ट एवं चाकू से जानलेवा वार करते हुए चोंट पहुंचाया है। रिपोर्ट पर अपराध क्र. 455/2026 धारा 296,351(2),118(1),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी.शर्मा के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही प्रारंभ किया गया। इस दौरान प्रार्थी के बयान एवं ग्रामवासियों से पूछताछ के आधार मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी बेदराम ध्रुव एवं महेंद्र पैकरा को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा पुरानी रंजिश पर से एक राय होकर आरोपी को बेल्ट एवं चाकू से वार करते हुए चोंट पहुंचाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में दोनों आरोपियों को आज दिनांक 04.06.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# स्वच्छ भारत अभियान पर आग लगा रहे ठेकेदार: रेलवे रेस्ट हाउस के सामने ही उड़ी धज्जियां



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 6 जून।** एक तरफ प्रधानमंत्री का स्वच्छ भारत अभियान, दूसरी तरफ करोड़ों का ठेका लेकर सफाई के नाम पर खुलेआम आगजनी। डोंगरगढ़ रेलवे कॉलोनी स्थित रेलवे रेस्ट हाउस के ठीक सामने का नजारा देखकर आपके होश उड़ जाएंगे।

यहां सफाई कर्मचारियों द्वारा कचरा निष्पादन की जगह हरे-भरे विकसित पौधों के नीचे ही आग लगाई जा रही है। तस्वीर खुद बोल रही है - एक तरफ लपलपाती आग की लपटें, दूसरी तरफ धुएं से घुटता पर्यावरण।

### सांसद प्रतिनिधि डॉ. तरुण हत्थेल ने खोली पोल

मौके पर पहुंचे भाजपा सांसद प्रतिनिधि डॉ. तरुण हत्थेल ने कहा, ये स्वच्छता नहीं, सरासर गुंडागर्दी है। करोड़ों रुपये का ठेका लेकर ठेकेदार और सफाई निरीक्षक की मिलीभगत से पर्यावरण को तबाह किया जा रहा है। रेलवे द्वारा लगाए गए लाखों के पौधे जलकर खाक हो रहे हैं। क्या यही है स्वच्छ भारत?

### जनता में आक्रोश

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रोज सुबह-शाम यहां आग लगाई जाती है। शिकायत करने पर ठेकेदार के लोग धमकाते हैं। डॉ. हत्थेल ने DRM रायपुर और कलेक्टर राजनांदगांव को फोटो सहित शिकायत भेजी है। चेतावनी दी है कि 7 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो रेल मंत्रालय और NGT में केस करेंगे।

**बड़ा सवाल:** जब रेलवे रेस्ट हाउस जैसी जगह पर ये हाल है, तो बाकी डोंगरगढ़ का क्या हाल होगा स्वच्छता के नाम पर मिले करोड़ों रुपये कहां जा रहे हैं?

### 4 बड़े खुलासे

1. ***ठेकेदार की मनमानी:*** *कचरा गाड़ी में ले जाने की जगह मौके पर ही जला दिया जाता है*
2. ***रेलवे संपत्ति को नुकसान:*** *रेलवे रेस्ट हाउस से 50 मीटर दूर ही आग, बड़े हादसे का खतरा*
3. ***अधिकारियों की मिलीभगत:*** *CHI और सफाई निरीक्षक की जानकारी में हो रहा ये खेल*
4. ***स्वास्थ्य से खिलवाड़:*** *रेलवे कॉलोनी के परिवार और यात्री रोज जहरीला धुआं पीने को मजबूर*

# अविश्वास प्रस्ताव के बीच बोरतलाव में बढ़ा तनाव, पंचों ने सुरक्षा की लगाई गुहार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 6 जून।** ग्राम पंचायत बोरतलाव के सरपंच एवं सरपंच संघ अध्यक्ष कैलाश ऊके के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के बीच पंचायत का माहौल लगातार गर्माता नजर आ रहा है। शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रस्तावित ग्रामसभा के दौरान और उसके बाद विवाद की स्थिति निर्मित होने की जानकारी सामने आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन कर रहे कुछ पंचों ने आरोप लगाया है कि उन पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया तथा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। इसके बाद आधा दर्जन से अधिक पंच स्थानीय थाने पहुंचे और सुरक्षा की मांग को लेकर शिकायत दर्ज कराई।

सूत्रों के मुताबिक अविश्वास प्रस्ताव से संबंधित प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत शनिवार को जांच एवं अन्य आवश्यक कार्रवाई प्रस्तावित है। इसी संबंध में शुक्रवार को बैठक आयोजित किए जाने की सूचना थी। पंचों का आरोप है कि बैठक शुरू होने से पूर्व पंचायत सचिव द्वारा अपरिहार्य कारणों का हवाला देते हुए ग्रामसभा निरस्त किए जाने की जानकारी दी गई।

हालांकि बाद में ग्रामसभा आयोजित किए जाने की सूचना मिली। बताया जाता है कि बैठक में किसी भी पंच ने भाग नहीं लिया। इसके पश्चात मनरेगा कार्यो से जुड़ी महिलाओं का एक समूह कुछ पंचों के घर पहुंचा और उनसे अविश्वास प्रस्ताव वापस लेने की मांग की। इस दौरान कहासुनी और विवाद होने की चर्चा है। कुछ लोगों द्वारा अभद्र व्यवहार एवं मारपीट के आरोप भी लगाए गए हैं,

घटनाक्रम के बाद संबंधित पंच एकजुट होकर थाने पहुंचे और सामूहिक शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के दौरान गांव के पटेल सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों की उपस्थिति बताई जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आवश्यक सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने की मांग की है।

पंचों का कहना है कि अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न होनी चाहिए। वहीं ग्रामीणों का भी मानना है कि पंचायत से जुड़े इस विवाद का समाधान कानून और पंचायत राज अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप होना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में ग्राम पंचायत बोरतलाव के 20 में से 18 पंचों ने सरपंच कैलाश ऊके के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन एसडीएम कार्यालय में प्रस्तुत किया था। इसके बाद से पंचायत की राजनीति में लगातार हलचल बनी हुई है। अब प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर क्षेत्र की निगाहें टिकी हुई हैं।यह संस्करण आरोपों को आरोप के रूप में ही प्रस्तुत करता है और समाचार की निष्पक्षता बनाए रखता है। इस संबंध में एसडीओपी केसरी नंदन नायक ने चर्चा के दौरान बताया कि देर शाम प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले को संज्ञान में ले लिया गया है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले शिकायत की जांच की जाएगी तथा तथ्यों के सत्यापन के बाद संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कहा की पुलिस प्रशासन पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है।

## किरण इवेंट फ्यूजन वेलफेयर फाउण्डेशन के निशुल्क समर कैंप में 319 प्रतिभागी शामिल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 6 जून।** किरण इवेंट फ्युजनं वेलफेयर फाउण्डेशन के द्वारा निःशुल्क मेंहदी, रंगोली, पेंटिंग, डांस, संगीत ,कर्सिव राईटिंग सहित अन्य विधा का प्रशिक्षण दिया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी पुलिस तारेश साहू ग्रामीण थाना प्रभारी हेमन्त पटेल पुष्पा राठौड़ पुलिस अजय गुप्ता आलोक मोदी अनिल जयसवाल स्वरूप अग्रवाल सुनील तिवारी उपस्थित रहे प्रशिक्षण के आयोजक चेयरमैन डॉ. अरूण छाबड़ा बंटी ने बताया कि शिविर का मुख्य उददेश्य ग्रीष्मकालिन अवकाश मे छोटे छोटे बच्चों की प्रतिभाओं एवं योग्यताओं को आगे बढाने एवं निखारने के उददेश्य से उक्त आयोजन किया गया है। हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि हर बच्चे के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारना है कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बलवंत छाबड़ा सीमा मल,डा वीणा साहु दीपा गिंनौरे गुलशन वर्मा, रानी यादव, पूजा देशमुख, प्रकृति साहू, देवेन्द्र निषाद, हरसूं यादव,सृष्टि साहू, पायल वर्मा जागेश्वरी साहू व संजना साहू यशदीप छाबड़ा पूर्वांशं छाबड़ा सहित बडी संख्या मे संस्था के अन्य सदस्य अश्विनी नेहा शर्मा, प्रतिमा गुप्ता प्रीतिशाह विंध्या अग्रवाल सुमन वर्मा नीलम साहु किरणजोशी ,सहयोग कर रहे है। छाबड़ा ने बताया कि 11 दिवसीय प्रशिक्षण में 319 प्रतिभागियों ने भाग लेकर विविध कलाओं का निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त किया। बहुत उत्साह देखने को मिला।

## दल्ली माईन्स स्थित पैलेट प्लांट में 200 पौधे रोपे गए



**दल्लीराजहरा 6 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भिलाई स्टील प्लांट की शाखा दल्ली माईन्स स्थित पैलेट प्लांट में लगभग 200 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। जिसके अंतर्गत आकर्षक, सुदंर, फुलदार, सघन व छायादार पौधों का रोपण किया गया । जिससे पर्यावरण को संतुलित करने में सहायक हो । एसजेएसपीएल प्लान्ट हेड रामशरण अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में वातावरण का तापमान बढ़ते ही जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए प्लांट क्षेत्र के खाली जगहों पर आगामी दिनों में सघन वृक्षारोपण का कार्य किया जाएगा । इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र दल्ली माईन्स के जीएम सुकान्तो मण्डल,फैक्ट्री मैनेजर पीसीएस राव, सेफ्टी आफिसर चित्ता रंजन मल्लिक सहित कर्मचारी एवं श्रमिक व गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

# डायल 112 की तत्परता से बची महिला की जान, उत्कृष्ट कार्य पर पुलिस टीम सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 6 जून।** राजनांदगांव पुलिस का एक बार फिर मानवीय और संवेदनशील चेहरा सामने आया है। डायल 112 की त्वरित कार्रवाई और सजगता के चलते एक महिला की जान बच गई। महिला ने आरोप लगाया है कि उसका पति उसे जंगल में ले जाकर जान से मारने की नीयत से मारपीट कर रहा था, जहां से वह किसी तरह अपनी जान बचाकर भाग निकली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, डायल 112 को डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम खरखाटोला किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन के माध्यम से सूचना मिली कि एक घायल एवं भयभीत महिला जंगल की ओर से भागते हुए गांव पहुंची है। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पहुंचने पर पुलिस ने महिला को सुरक्षित अवस्था में अपने संरक्षण में लिया।

महिला ने पुलिस को बताया कि उसका पति उसे जंगल में ले गया था और वहां उसके साथ मारपीट कर रहा था। जान का खतरा महसूस होने पर वह किसी तरह वहां से भागकर गांव की ओर पहुंची। इसी बीच ग्रामीणों ने डायल 112 को सूचना दी। महिला के अनुसार पुलिस वाहन को आते देखकर उसका पति मौके से फरार हो गया। डायल 112 टीम ने बिना समय गंवाए महिला को थाना पहुंचाकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए थाना स्टाफके सुपुर्द किया। साथ ही उसकी शारीरिक स्थिति को देखते हुए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ में उपचार की व्यवस्था कराई गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिला की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। डायल 112 स्टाफ द्वारा दिखाई गई संवेदनशीलता, साहस और त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने आरक्षक क्रमांक 344 दीपेश मुद्दनकर एवं डायल 112 के चालक रविन्द्र देवांगन को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर भी उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने कहा कि राजनांदगांव पुलिस आमजन की सुरक्षा और सहायता के लिए सदैव प्रतिबद्ध है तथा किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 सेवा त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए निरंतर तत्पर है। यह घटना दर्शाती है कि समय पर मिली सूचना और पुलिस की सक्रियता किसी भी व्यक्ति के जीवन की रक्षा में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

## शराब कोचिया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 6 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। 卐समाधान सेल卐 के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी. शर्मा के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 04.06.2026 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर चौकी करहीबाजार की पुलिस टीम द्वारा ग्राम पासीद में घेराबंदी कर, अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।


## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं विश्वनाथ पटेल पिता देवसिंह पटेल निवासी ग्राम रामपुर पोष्ट-थाना चौकी-चिचोला तहसील-ला.ब. नगर जिला-राजनांदगांव छ.ग. का निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड/पेन कार्ड में नाम विश्वनाथ Vishwanath पिता देवसिंह माली अंकित हैं एवं मैं अपना नया नाम परिवर्तन कर हिन्दी/अंग्रेजी विश्वनाथ पटेल पिता देवसिंह पटेल Vishwanath Patel S/o Devsingh Patel के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**सूचना जाने।**

**भवदीय**
**(विश्वनाथ पटेल)**

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं कुन्ती जंघेल पति बलराम जंघेल निवासी ग्राम आलीवारा पोष्ट-मुसराकला थाना-तहसील-डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं। मेरे राजस्व रिकार्ड ग्राम आलीवारा में मायके का नाम युवती पिता ज्ञानिक अंकित है एवं मैं अपना ससुराल का नया नाम परिवर्तन कर हिन्दी/अंग्रेजी कुन्ती, जंघेल पति बलराम जंघेल Kunti Janghel W/o Balram Janghel के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**सूचना जाने।**

**भवदीय**
**(कुन्ती जंघेल)**


# विश्व पर्यावरण दिवस पर डोंगरगढ़ एसडीएम की अवैध रेत परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़/राजनांदगांव, 6 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रशासन ने अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए ग्राम पारागांव कला में रेत का अवैध परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। जब्त वाहन को अग्रिम कार्रवाई के लिए थाना डोंगरगढ़ में सुपुर्द कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, डोंगरगढ़ क्षेत्र के पारागांव कला एवं पारागांव खुर्द में लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन की शिकायतें प्रशासन को लगातार मिल रही थीं। इस संबंध में डोंगरगढ़ एसडीएम एम. भार्गव ने मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को देते हुए जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव को अवगत कराया था। कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर एसडीएम एम. भार्गव ने अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके तहत नायब तहसीलदार चिराग रामटेके के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए ग्राम पारागांव कला में रेत परिवहन कर रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा गया। वाहन को मौके पर जब्त कर खनिज अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना डोंगरगढ़ में जमा कराया गया।

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि पारागांव कला और पारागांव खुर्द क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम एम. भार्गव ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि अवैध रेत उत्खनन, परिवहन या भंडारण में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बार-बार नियमों का उल्लंघन करने वालों के वाहनों को राजसात (जब्त कर शासन के अधीन) करने की कार्रवाई भी की जा सकती है। विश्व पर्यावरण दिवस पर की गई यह कार्रवाई पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन की जानकारी प्रशासन को दें, ताकि ऐसे मामलों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।


## न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

**संदर्भः- जिला-दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CG-2026-27-113-1-1089**

### ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी MANJU GUPTA पिता/पति-MANISH KUMAR GUPTA पता-PLOT NO-9, STREET-4-A, ASHISH NAGAR EAST RISALI BHILAI DURG CG, प्रीती गुप्ता पिता/पति-स्व.मनहरणलाल गुप्ता पता-खैरागढ़, रीता गुप्ता पिता/पति-स्व.मनहरण लाल गुप्ता पता- रायपुर, स्वाथ्यादेवी गुप्ता पिता/पति-स्व.मनहरणलाल गुप्ता पता-रिसाली, सीमा गुप्ता पिता/पति-स्व.मनहरणलाल गुप्ता पता-बेमेतरा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 551/9 (0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मनीष कुमार गुप्ता पिता/पति-स्व.मनहरणलाल गुप्ता पता-रिसाली के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15/06/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/05/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

**Prafull Kumar Gupta**
**तहसीलदार**
**दुर्ग (छ.ग.)**

## न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

**संदर्भः जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00039 बोरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD20252643010470088**

### ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम बोरसी के वर्तमान भूमिस्वामी जानकी सार्वा पिता/पति-ध.प. जगन्नाथ सार्वा पता-झिटिया पो.-फरदफोड़, के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 258/33 (0.0220) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता कुन्दन लाल सार्वा पिता/पति-जगन्नाथ सार्वा पता-आदिवासीपारा झिटिया फरदफोड़ बालोद, शशिप्रभा साहू पिता/पति-जगन्नाथ सार्वा पता-आदिवासीपारा झिटिया फरदफोड़ बालोद , श्यामा साहू पिता/पति-जगन्नाथ सार्वा पता-आदिवासीपारा झिटिया फरदफोड़ बालोद, दुर्गा हिरवानी पिता/पति-जगन्नाथ सार्वा पता-आदिवासीपारा झिटिया फरदफोड़ बालोद, जगन्नाथ सार्वा पिता/पति-स्व.धनसिंह सार्वा पता-आदिवासीपारा झिटिया फरदफोड़ बालोद, सुशीला साहू पिता/पति-जगन्नाथ सार्वा पता-आदिवासीपारा झिटिया फरदफोड़ बालोद के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15/06/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/05/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

**Prafull Kumar Gupta**
**तहसीलदार**
**दुर्ग (छ.ग.)**

## OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)

### e-Procurement Tender Notice

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D in new Registration system (unified Registration system) for the following work:-

| NIT No. | Name of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|
| 28/SE E/M/ (I Call) System Tender No.192386 Registered contractor class in "D" & above For Form B (Item Rate Basis) | COMPREHENSIVE MAINTENANCE CONTRACT IN ANNUAL MAINTENANCE/OPERATION/ REPAIR/ INSPECTION & SECURITY OF STREET LIGHT & HIGH MAST MAINTENANCE WORK AT AMAPARA-TELGHANI ROAD, CANAL LINK ROAD 2-KABIR NAGAR, BIRGAON ROAD, HIRAPUR-AIIMS ROAD, KHAMTARAI-BHANPURI ROAD UNDER P.W.D. E/M. WORKSHOP SUB DIVISION RAIPUR ( C.G.) | Rs 18.00 Lacs |
| 29/SE E/M/2025 (I Call) System Tender No.192565 Registered contractor class in "D" & above For Form B (ITEM Rate Basis) | COMPREHENSIVE MAINTENANCE CONTRACT IN ANNUAL MAINTENANCE/OPERATION/REPAIR/ INSPECTION & SECURITY OF STREET LIGHT, HIGH MAST, TRAFFIC SIGNAL AND C.C.T.V. MAINTENANCE WORK AT ATAL EXPRESS WAY ROAD RAIPUR FROM RAILWAY STATION-TELIBANDHA NH-30 UNDER P.W.D. E/M. WORKSHOP SUB DIVISION RAIPUR (C.G.) | Rs 26.14 Lacs |
| 30/SE E/M/2025 (I Call) System Tender No.192567 Registered contractor class in "D" & above For Form B (ITEM Rate Basis) | COMPREHENSIVE MAINTENANCE CONTRACT IN ANNUAL MAINTENANCE/OPERATION/REPAIR/ INSPECTION & SECURITY OF STREET LIGHT & HIGH MAST MAINTENANCE WORK AT GONDWARA CANAL ROAD GONDWARA OVER BRIDGE, KHAMTARAI TO DHANELI SIX-LANE ROAD & AMANAKA, TELGHANI NAKA, KHAMTARAI OVER BRIDGE UNDER P.W.D. E/M. WORKSHOP SUB DIVISION RAIPUR (C.G) | Rs 30.55 Lacs |
| 31/SE E/M/2025 (ICall) System Tender No.192541 Registered contractor class in "D" & above For Form B (ITEM Rate Basis) | COMPREHENSIVE MAINTENANCE CONTRACT IN ANNUAL MAINTENANCE/ OPERATION/ REPAIR/ INSPECTION & SECURITY OF STREET LIGHT & HIGH MAST MAINTENANCE WORK AT RAM NAGAR KOTA ROAD, MAHOBA BAZAR-KOTA-GUDIYARI ROAD AND RING ROAD NO 2 UNDER P.W.D. E/M. WORKSHOP SUB DIVISION RAIPUR (C.G.) | Rs 23.72 Lacs |

**Date of bid submission 24-06-2026**
The tender documents can be downloaded from the web-portal **http://eproc.cgstate.gov.in.** Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

**Superintending Engineer**
**P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)**

G262701236/6

# रविवि में कंप्यूटर साइंस के साथ अब कानून की भी पढ़ाई

**रायपुर, 6 जून।** पं. रविशंकर शुक्ल विवि शैक्षणिक सत्र छात्रों को कंप्यूटर साइंस और लॉ की पढ़ाई एक साथ कराएगा। ऐसा करने वाला रविवि तमिलनाडु विवि के बाद देश का दूसरा विवि होगा। रविवि में अब तक बीए-एलएलबी की पढ़ाई होती रही है, लेकिन शैक्षणिक सत्र 2026-27 से बीसीए-एलएलबी की भी 27 से बीसीए-एलएलबी की भी पढ़ाई होगी।

तमिलनाडु के डॉ. आंबेडकर लॉ यूनिवर्सिटी देश का पहला विवि है, जहां बीसीए-एलएलबी पाठ्यक्रम की शुरुआत हुई थी। इस पाठ्यक्रम के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा अनुमति प्रदान कर दी गई है। विशेष बात यह है कि अनुमति के लिए अवश्यक जांच ऑनलाइन मोड में हुई है। गौरतलब है कि देश के किसी भी हिस्से में कानून संबंधित पाठ्यक्रम के संचालन के लिए बार काउंसिल ऑफइंडिया की अनुमति आवश्यक होती है। सिलेबस तथा अन्य चीजों पर कार्य पूर्ण हो चुका है। परीक्षा व प्रयोगिक कार्य संबंधित गतिविधियों के लिए भी रूपरेखा बनाई जा चुकी है।



### बीसीआई दे चुका है अनुमति

रविवि के विधि विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव चौधरी ने बताया कि, हमें बार काउंसिल ऑफइंडिया से अनुमति मिल गई है। यह पाठ्यक्रम विशेष रुप से कॉरपोरेट सेक्टर में मददगार साबित होगा।

### पांच वर्षीय पाठ्यक्रम, 60 सीटें

रविवि सहित प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों में भी बीएएलएलबी पाठ्यक्रम ही संचालित है। यह पांच वर्षीय पाठ्यक्रम होता है। इसके शुरुआती दो वर्षों में बीए की पढ़ाई करवाई जाती है। इसके बाद तीन वर्षों में छात्र लॉ की पढ़ाई करते हैं। बीसीए में शुरुआती दो वर्षों में कंप्यूटर एप्लिकेशन की पढ़ाई कराई जाएगी। इसके बाद के तीन वर्षों में छात्र कानून की पढ़ाई करेंगे। रविवि अध्ययनशाला में लॉ विभाग के अंतर्गत इसका संचालन होगा। शुरुआती बैच में 60 सीटें होंगी।

# स्काउट-गाइड ने किया पौधारोपण

**रायपुर, 6 जून।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ रायपुर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिला अध्यक्ष जी. स्वामी जी, जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय जी के आदेशानुसार और जिला सचिव मृत्युंजय शुक्ला जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जी. स्वामी ने कहा कि प्रकृति को संतुलित बनाए रखना और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा देना हम सबकी जिम्मेदारी है। पौधारोपण इस दिशा में सबसे शक्तिशाली और प्रेरणादायक कदम है। जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ने कहा, प्रकृति को बचाना हमारा कर्तव्य है। पौधारोपण को हमें एक उत्सव की तरह मनाना चाहिए। हम अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पृथ्वी को स्वच्छ रखेंगे और हरियाली की रक्षा करेंगे। पेड़ों को बचाना ही हमारी रक्षा करना है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने पेड़ लगाओ भविष्य बचाओ के नारे के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित इस मौके पर जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट गोपाल राम वर्मा, पूर्व राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट टी.के.एस. परिहार, उदय



मधुसूदन मुकादम, जिला संगठन आयुक्त स्काउट हेमंत शुक्ला, डॉ. लक्ष्मी नायक, जिला संगठन आयुक्त गाइड डॉ. सांत्वना ठाकुर, संयुक्त सचिव लीना वर्मा, अपर्णा तिवारी, मेनका निषाद, सविता भारत सहित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय रायपुर के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## एक नजर

### आयकर विभाग में बड़ा उलटफेर

**रायपुर, 6 जून।** आयकर विभाग में बड़े पैमाने में तबादला किया है। है आदेश प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त सीजी एमपी ने किया है। यह ट्रांसफर बस्तर से लेकर ग्वालियर तक के अधिकारी में किए गए हैं। इनमें 20 अतिरिक्त, संयुक्त आयुक्त, अतिरिक्त संयुक्त अन्वेषण निदेशक, 48 उपायुक्त और 114 आयकर अधिकारी (आईटीओ) शामिल हैं। बता दें कि 14 आईटीओ में अधिकांश पिछले महीनों में पदोन्नत किए गए थे। जिसके बाद से ही बड़े पैमाने में तबादले के कयास लगाए जा रहे थे।

### 29 जून से 13 जुलाई नहीं होंगे महाप्रभु के दर्शन

**रायपुर, 6 जून।** आगामी 29 जून, पूर्णिमा तिथि पर महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी की दिव्य स्नान यात्रा संपन्न होगी। स्नान यात्रा के उपरांत परंपरा अनुसार महाप्रभु अस्वस्थ भाव (अनसर काल) में विश्राम करते हैं। इस कारण 29 जून से 13 जुलाई तक श्रीमंदिर में श्री जगन्नाथ, श्री बलभद्र एवं माता सुभद्रा जी के प्रत्यक्ष दर्शन नहीं होंगे। इस अवधि में श्रद्धालुओं को श्री मदन मोहन जी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होता है। अनसर काल की समाप्ति के पश्चात महाप्रभु नवयौवन वेश में भक्तों को दर्शन देते हैं। तत्पश्चात विश्वविख्यात रथयात्रा महोत्सव का शुभारंभ होता है।

### आरएसपीएल ग्रुप ने पूरे किए 50 वर्ष

**रायपुर, 6 जून।** भारत के अग्रणी एफएमसीजी समूहों में शामिल आरएसपीएल ग्रुप ने अपनी स्थापना के 50 गौरवशाली वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया। यह केवल एक कंपनी की स्वर्णिम यात्रा नहीं, बल्कि उस भारत की कहानी भी है जिसने पिछले पांच दशकों में आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और नवीनता के बल पर विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। पिछले 50 वर्षों में आरएसपीएल ने सदैव भारत में बना, भारतीयों के लिए बना के अपने मूल विचार को केंद्र में रखा है। यही भावना उसे देश के करोड़ों परिवारों से जोड़ती है। देशभर में स्थापित 24 से अधिक विनिर्माण इकाइयों के माध्यम से समूह ने घरेलू उत्पादन को सशक्त बनाया और भारतीय उद्योग की सामर्थ्य को नई पहचान दिलाई है। आरएसपीएल ग्रुप के डायरेक्टर मनोज ज्ञानचंदानी ने कहा 50 वर्षों की इस प्रेरणादायक यात्रा में आरएसपीएल ने एक उत्पाद से शुरुआत कर एक बहुआयामी उपभोक्ता समूह के रूप में अपनी पहचान बनाई है।

### गुयाना से भारत में दुनिया की सबसे लंबी हृदय टेली-सर्जरी

**रायपुर, 6 जून।** भारत की विकसित रोबोटिक तकनीक और भारतीय डॉक्टरों की विशेषज्ञता ने एक बार फिर दुनिया को चौंका दिया है। प्रसिद्ध कार्डियक सर्जन डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने गुयाना में



बैठकर भारत के इंदौर में एक मरीज के हृदय की सफल रोबोटिक टेली-सर्जरी कर चिकित्सा इतिहास में नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है। करीब 20,000 किमी की दूरी से की गई यह सर्जरी दुनिया की अब तक की सबसे लंबी दूरी की रोबोट-सहायित कार्डियक टेली-सर्जरी मानी जा रही है। यह ऐतिहासिक प्रक्रिया गुयाना के जॉर्जटाउन पब्लिक हॉस्पिटल कॉर्पोरेशन और भारत के आरआई सीएडी इंडिया, इंदौर के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस उपलब्धि की सबसे खास बात यह है कि सर्जरी पूरी तरह भारत में विकसित एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम की मदद से की गई। जिसने भारत को वैश्विक रोबोटिक सर्जरी क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाई है।

## दिल्ली से चोरी, रायपुर में बिक्री

# अंतरराज्यीय लग्जरी कार चोर गिरोह का भंडाफोड़, चार गाड़ियां जब्त

**रायपुर, 6 जून।** राजधानी में दिल्ली-एनसीआर से चोरी की गई लग्जरी कारों को खपाने वाले एक बड़े अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। दिल्ली पुलिस की एक विशेष टीम ने इस मामले में रायपुर पहुंचकर दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। शुरुआती कार्रवाई में पुलिस ने रायपुर से चोरी की 4 लग्जरी गाड़ियां जब्त कर ली हैं। इस खुलासे के बाद रायपुर और आसपास के इलाकों में सस्ते दामों पर लग्जरी कारें खरीदने वालों में हड़कंप मच गया है।





### दिल्ली में पूछताछ के बाद खुला 'रायपुर कनेक्शन'

जानकारी के मुताबिक, दिल्ली पुलिस ने हाल ही में दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया था। रिमांड के दौरान कड़ाई से की गई पूछताछ में चोरों ने कबूला कि वे दिल्ली-एनसीआर से महंगी और लग्जरी गाड़ियां चुराकर उन्हें छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर और उसके आस-पास के जिलों में बेच रहे थे। इस इनपुट के आधार पर दिल्ली पुलिस की टीम तुरंत रायपुर पहुंची और स्थानीय पुलिस के सहयोग से संदिग्ध ठिकानों पर दबिश देकर दो लोगों को हिरासत में ले लिया।

### फर्जी दस्तावेज और सीजी-04 नंबर का खेल

पुलिस जांच में सामने आया है कि यह गिरोह बेहद शातिर और संगठित तरीके से काम करता था। चोरी की गई गाड़ियों को वैध दिखाने के लिए ये लोग निम्नलिखित हथकंडे अपनाते थे नंबर और चेसिस प्लेट में बदलाव, चोरी की कारों के चेसिस नंबर और इंजन नंबर को बदल दिया जाता था। रायपुर (सीजी-04) पासिंग की फर्जी नंबर प्लेट लगाकर गाड़ियों को स्थानीय पहचान दी जाती थी ताकि किसी को शक न हो।

### 25 से 50 कारों का अंदेशा, खरीदार भी जांच के दायरे में

सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ में यह बात सामने आई है कि यह गिरोह अब तक करीब 25 से 50 लग्जरी कारें रायपुर और छत्तीसगढ़ के अन्य हिस्सों में खपा चुका है। दिल्ली पुलिस ने संदिग्ध वाहनों की पहचान कर उनकी जब्ती की कार्रवाई तेज कर दी है।

### खरीदारों में मचा हड़कंप

दिल्ली पुलिस की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद रायपुर के उन रसूखदारों और व्यापारियों में हड़कंप मच गया है, जिन्होंने हाल के दिनों में दिल्ली-एनसीआर के नंबरों या अचानक बदली गई आरसी के साथ सस्ते दामों में लग्जरी गाड़ियां खरीदी थीं। पुलिस का कहना है कि हिरासत में लिए गए संदिग्धों से पूछताछ जारी है, जिससे आने वाले दिनों में कई और चौंकाने वाले खुलासे होने और बड़ी संख्या में गाड़ियां बरामद होने की पूरी संभावना है।

### हाईटेक फर्जीवाड़ा

गिरोह के सदस्य आरटीओ के फर्जी दस्तावेज, फर्जी आरसी नकली बिक्री पत्र बैंकों की फर्जी एनओसी और ट्रांसफर पेपर्स तक तैयार कर लेते थे, जिससे खरीदार को गाड़ी पूरी तरह असली और वैध लगती थी।

# चेम्बर से संबद्ध विभिन्न एसोसिएशन को चिल्हर वितरण किया गया



**रायपुर, 6 जून।** चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आईसीआईसीआई बैंक, जयस्तंभ चैक के सहयोग से चिल्हर की कमी की समस्या को दूर करने के लिए चिल्हर वितरण किया गया।

उक्त चिल्हर वितरण से रायपुर के मालवीय रोड शारदा चैक व्यापारी संघ, मालवीय रोड जवाहर बाजार व्यवसायिक कल्याण समिति, मर्चेन्ट एसोसियेशन, बंजारी रोड व्यापारी संघ, भाठागांव व्यापारी संघ, रायपुर स्वीट्स एंड स्नेक्स एसोसियेशन, महादेवघाट रोड व्यापारी कल्याण महासंघ रायपुर के सदस्यगण लाभान्वित हुए। चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी ने कहा कि इस तरह के सहयोग से छोटे और बड़े दोनों व्यापारियों को फायदा होता है।

## तीन राज्यों के रोटेरियन रायपुर में होंगे 7 जून को एकत्र

**रायपुर, 6 जून।** रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 द्वारा रोटरी वर्ष 2025-26 के समापन अवसर पर सम्मान समारोह आभार मित्रों का का आयोजन 7 जून को रायपुर स्थित होटल बेबीलोन कैपिटल में किया जा रहा है। इस समारोह में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा के विभिन्न रोटरी क्लबों से जुड़े 500 से अधिक रोटेरियन भाग लेंगे। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे अमित पल्लवी जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित यह समारोह पूरे वर्ष भर रोटरी के सात प्रमुख कार्यक्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट सेवा कार्यों, नवाचारों एवं समाजहित में उल्लेखनीय योगदान देने वाले क्लबों एवं रोटेरियन्स को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि रोटे वासुदेव गोलियान (डायरेक्टर, रोटरी इंटरनेशनल 2027-29) होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रांतपाल एवं राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करेंगे।

## आरबीआई का रेपो रेट यथावत रखने का निर्णय व्यापार के लिए सकारात्मक संकेत

**रायपुर, 6 जून।** कैट के राष्ट्रीय वाईस चेयरमेन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, महामंत्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि आरबीआई का रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर यथावत रखने का निर्णय देश के व्यापार, उद्योग, एमएसएमई क्षेत्र एवं समग्र अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है। पारवानी ने कहा कि रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं होने से ऋृण की लागत में तत्काल वृद्धि नहीं होगी तथा गृह ऋृण, वाहन ऋृण एवं व्यावसायिक ऋृण की ईएमआई पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। इससे व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा, निवेश का माहौल मजबूत होगा तथा उद्योग एवं व्यापार जगत को अपनी विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि आरबीआई द्वारा पॉलिसी स्टांस को न्यूट्रल बनाए रखना यह दर्शाता है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक परिस्थितियों, महंगाई और विकास दर के अनुसार भविष्य में आवश्यक कदम उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह नीति आरबीआई को बदलती वैश्विक एवं घरेलू आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप निर्णय लेने का लचीलापन प्रदान करती है।

# बृजमोहन ने शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर दिया जोर

**रायपुर, 6 जून।** बलौदा बाजार भाटापारा जिले के गांवों के विकास, अधोसंरचना और जनजीवन की परिस्थिति में क्रांतिकारी बदलाव लाने के उद्देश्य से आज जिला खनिज संस्थान न्यास (DMF) की शासी परिषद की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जिले के विकास का नया रोडमैप तैयार करते हुए 'सैचुरेशन पॉइंट' (पूर्णता) के लक्ष्य पर काम करने के निर्देश दिए। बृजमोहन ने कहा कि, डीएमएफ की राशि का मुख्य उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों का विकास और वहां के निवासियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है। इसलिए, इस राशि का एक-एक पैसा ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास, विशेषकर पेयजल, सिंचाई, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में पूरी पारदर्शिता के साथ खर्च होना चाहिए। सांसद अग्रवाल ने ग्रामीण अंचलों की आवश्यकताओं को रेखांकित करते हुए प्रभावी कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। पेयजल को प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर रखते हुए सांसद ने निर्देश दिया कि जिन गांवों में पानी की समस्या है, वहां 10-10 गांवों का क्लस्टर बनाकर परमानेंट (स्थायी) समाधान के लिए कार्ययोजना बनाई जाए। जल जीवन मिशन के गैप को पूरा करने के लिए छ्रस्न के माध्यम से कार्य प्रमुखता से किये जाएं। क्लाइमेट चेंज और बढ़ती गर्मी पर चिंता व्यक्त करते हुए सांसद अग्रवाल ने अपने व्यक्तिगत जीवन का उदाहरण साझा किया और वाटर हार्वेस्टिंग व वाटर रिचार्जिंग को अनिवार्य बनाने पर जोर दिया।





## छत्तीसगढ़ में रोपे जाएंगे 21 लाख पौधे

**रायपुर, 6 जून।** भाजपा द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए एक वृहद और ऐतिहासिक पौधारोपण अभियान की शुरुआत की जा रही है। इस महा-अभियान के तहत पूरे प्रदेश में 21 लाख पौधे रोपने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं बारह साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के अभियान के प्रदेश प्रभारी अखिलेश सोनी ने इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना के बारे में बताया। भाजपा प्रदेश महामंत्री सोनी ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना और धरती को हरा-भरा करना भाजपा की वैचारिक और सामाजिक प्राथमिकताओं में शीर्ष पर है। इसी के मद्देनजर पार्टी ने इस बार प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी को एक जन-आंदोलन का रूप देने का निर्णय लिया है। यह अभियान केवल शहरों या प्रमुख स्थानों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे सीधे तौर पर संगठन की सबसे मजबूत इकाई श्बूथश् से जोड़ा गया है। प्रदेश के सभी बूथों में अनिवार्य रूप से पौधारोपण का कार्य किया जाएगा।

## प्रदेश कांग्रेस ने बनाए नए प्रवक्ता

**रायपुर, 6 जून।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संचार विभाग ने एक बड़ा विस्तार करते हुए प्रवक्ताओं की एक नई सूची जारी की है तथा 5 मुख्य प्रवक्ता व 3 वरिष्ठ प्रवक्ता बनाये गये हैं। इसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और अब तक प्रवक्ता रहे नितिन राज भंसाली को वरिष्ठ प्रवक्ता बनाया गया है। इसके साथ ही सत्यप्रकाश और अभय नारायण राय को भी वरिष्ठ प्रवक्ता बनाया गया है। कांग्रेस के धाकड़ प्रवक्ता रहे आए पी सिंह को मुख्य प्रवक्ता बनाया गया हैं। इसी तरह अमित श्रीवास्तव, धनंजय सिंह ठाकुर, सुरेंद्र वर्मा तथा वंदना राजपूत को पदोन्नति देते हुए मुख्य प्रवक्ता बनाया गया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला की अनुशंसा पर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने यह आदेश जारी किया। इसके मुताबिक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति से कांग्रेस संचार विभाग में 5 मुख्य प्रवक्ता तथा 3 वरिष्ठ प्रवक्ताओं की नियुक्ति की है।

## विद्याधन प्रदान करेगा छात्रवृत्ति

**रायपुर, 6 जून।** शिक्षा को समाज में परिवर्तन का एकमात्र मार्ग मानते हुए, सरोजिनी दामोदरन फाउंडेशन की स्थापना कुमारी शिबुलाल एवं एस. डी. शिबुलाल (इंफोसिस के सह-संस्थापक) द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत की गई। फाउंडेशन का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्रों को विद्याधन छात्रवृत्ति के माध्यम से उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करना है। वर्ष 1999 से संचालित यह कार्यक्रम वर्तमान में भारत के 26 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में लागू है तथा अब तक 78, 000 से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान कर चुका है। वर्तमान में देशभर में



18,000 से अधिक विद्यार्थी इस कार्यक्रम से लाभान्वित हो रहे हैं। विद्याधन छात्रवृत्ति आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्रों के लिए है, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 2 लाख रुपये से कम है। छात्रों को छत्तीसगढ़ राज्य से वर्ष 2026 में 10वीं की परीक्षा से 80त्न अंक या 8 सीजीपीए के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए।

**कार्यक्रम** — हाथियों के संरक्षण पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला

# मानव-हाथी संघर्ष को कम करने सरकार कर रही काम

**रायपुर, 6 जून।** छत्तीसगढ़ में हाथियों के संरक्षण और उनके वैज्ञानिक प्रबंधन को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने किया। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आए वन्यजीव विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों, पशु चिकित्सकों और वन अधिकारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ जैव विविधता और वन संपदा से समृद्ध राज्य है। पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में हाथियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो संरक्षण प्रयासों की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में प्रदेश में हाथियों की संख्या लगभग 240 थी, जो बढ़कर वर्ष 2026 में करीब 450 तक पहुंच गई है।



मंत्री कश्यप ने कहा कि वर्तमान में हाथियों का विचरण सरगुजा, बिलासपुर, रायगढ़, रायपुर और दुर्ग संभाग के कई क्षेत्रों तक फैल चुका है। ऐसे में वन्यजीव संरक्षण के साथ-साथ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार जनभागीदारी, वैज्ञानिक प्रबंधन और सतत निगरानी के माध्यम से मानव-हाथी संघर्ष को कम करने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार हाथियों के संरक्षण को लेकर दीर्घकालिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रही है। आधुनिक तकनीक, विशेषज्ञों के मार्गदर्शन तथा प्रशिक्षित मानव संसाधन के माध्यम से वन्यजीव प्रबंधन को और सुदृढ़ बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं अधिकारियों को नवीनतम वैज्ञानिक जानकारी और व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराती हैं, जिससे संरक्षण प्रयासों को नई मजबूती मिलती है।

कार्यशाला में भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून, भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान बरेली तथा देश के अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों द्वारा वन अधिकारियों और पशु चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें हाथियों की मृत्यु के कारणों की वैज्ञानिक जांच, नमूनों के संरक्षण, परीक्षण की प्रक्रिया, शव प्रबंधन और स्वास्थ्य निगरानी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

# जैन धर्म हजारों वर्षों से पेड़ पौधों में जीवन मानता है

**रायपुर, 6 जून।** जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण दिवस पर 108 नवकार जाप के साथ आरती, रक्षासूत्र बंधन कर 11 वार्डों के सैकड़ों पौधों के रक्षण का संकल्प लिया गया। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि नवरोपित व 4 फुट ऊंचाई तक के पौधों के पूर्ण विकसित होने तक रक्षण का संकल्प लिया गया। इसके साथ ही 151 छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया गया। महेन्द्र कोचर ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने 2555 वर्ष पहले ही फरमाया था कि वनस्पति में जीव है। जैन धर्म में वनस्पति का उपयोग कम से कम करने कहा गया है। पेड़ पौधों फूल इत्यादि को तोड़ने या नष्ट करने की मनाही है। पर्यावरण संरक्षण के लिये जैन समाज सर्वाधिक जागरूक रहता है। पेड़ पौधों के संरक्षण व संवर्धन की ओर विशेष ध्यान दिया जाता है। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने की आवश्यकता है। इस हेतु पोस्टर, बैनर, सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विजय चोपड़ा ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि पर्यावरण बचे तो प्राण बचे।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26